

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश


वर्ष : 19 अंक : 225 30 जून, 2024 मूल्य : 30/-प्रति

अपने पुत्र का बलिदान कर
महाराज अजीतसिंह
का जीवन बचाने वाली

## माँ गोरा धाय टांक

की 378वीं जयंती पर

**सादर नमन**



# अहमदाबाद में आयोजित लक्ष्य मेरी दिशा सेमिनार की झलकियां
























## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण


जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)


श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)


श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)


श्रीमान इंजि. जुगल किशोर भाटी
(भेल इण्डिया, भोपाल)


श्रीमान नरपत सिंह सांखला
(बिल्डर्स/समाजसेवी)


श्रीमान संतोक सिंह गहलोत
(व्यवसायी/समाजसेवी)


श्रीमान तारासिंह सांखला
(व्यवसायी/समाजसेवी)

### संपादक की कलम से...

# शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना भी समाज सेवा है

विद्या परम आभूषण है इसे धारण करना महती आवश्यकता है परंतु कभी मार्गदर्शन, प्रेरणा, वातावरण व शैक्षिक सुविधाओं के अभाव में समाज के युवक-युवतियों को चाहते हुए भी " उच्च शिक्षा" प्राप्त करने में अपेक्षाकृत स्तर अन्नयन के लाभ से वंचित रहना पड़ता है। समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है आवश्यकता है तो उन्हें तराशने की उन्हें प्रेरित करने की । कई दुरांचलों में सुविधाओं के अभाव में जिज्ञासा अभिलाषा के बावजूद मन मसोस कर युवाओं को पढ़ाई से विमुख हो अल्पायु में ही रोजगार पर लगना पड़ता है। ऐसी स्थिति में ऐसे क्षेत्रों में जो समाज के शिक्षाविद् अथवा समाजसेवी जागरूक जन है। उन्हें ऐसी समाज की प्रतिभाओं का हौंसला, मनोबल बढ़ाते, उनका उत्साह वर्धन कर विषम परिस्थितियों में भी उनके पथ प्रदर्शक बन समाज सेवा के सहभागी बन सकते है ।

आज प्रगतिशील युग में शिक्षा का ही बोल बाला हैं। तकनिकी शिक्षा का बढ़ते नवाचारों में प्रमुख स्थानों पर है । आज शैक्षिक योग्यता की ही पूछ है। युवाओं को परिणय बंधन के लिए संबंध स्थापित करने में क्वालिफिकेशन को पहले परखा जाता है। ऐसे में परसेंटेज व प्रतिस्पर्धा के युग में हमारी नव पीढ़ी पीछे न रहे। वे आगे बढ़कर समाज का हर क्षेत्र में गौरव बढ़ायें इसके लिए समाज के विशिष्ठ बुजुर्गो, अनुभवी विभूतियों को भी प्रहरी बन अपने अपने क्षेत्र में निगाहें रख प्रतिभाओं की हर स्तर पर चाहे सामाजिक हो या सरकारी सहायता दिलाने के लिये आगे आना चाहिए, आज के युग में विद्या से विमुख रहने वालों को हर सुविधा से प्राय: विमुख होना पड़ता है, कहा है:-

**रूप यौवन सम्पन्ना, विशाल कुल सम्भवाः ।**
**विद्या हीना न शोभन्ते, निर्गन्धा इव किंशुकाः ।।**

चाहे रूप यौवन से संपन्न हों, अथवा बड़े कुल में पले हुए हों परंतु इतना होते हुए भी यदि विद्याहीन हैं तो पलाश के फूल की तरह जो देखने में सुन्दर आकर्षक होते हैं, परनतु गन्धहीन होने से निर्थक हैं । इसी तरह विद्याहीन शोभान ही प्राप्त कर सकते है । विद्ववानों का यह भी कथन है कि **''अन अभ्यासे विद्या विषम् इव निष्ठकारी भवति ।''**

अन अभ्यास से विद्या जहर बन जाती है अत: विद्या अध्ययन समाप्ति के बाद भी विद्या का सतत अध्ययन जरूरी है। विद्या प्राप्त पुरूष विनम्र बन जाता है। 'विद्या ददाति विनयं' ऐसी स्थिति में नवा चारों व अनुसंधानों के दौर में शिक्षा पर विशेष चिंतन मनन व मंथन करना है । बालिका शिक्षा को भी विशेष बढ़ावा देना भी समाज में योगदान होगा।


**मनीष गहलोत**
संपादक

**जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार, जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।**
**समाज सेवा है बड़ी हितकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार**
**विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।**

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# राजस्थान राज्य बीमा एवं भविष्य निधि के निदेशक डॉ. महेंद्र खड़गावत ने पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, यूएसए में कार्यशाला में की शिरकत

राजस्थान राज्य बीमा एवं भविष्य निधि के निदेशक डॉ. महेंद्र खड़गावत ने पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय, यूएसए में कार्यशाला में भाग लिया। राजस्थान राज्य अभिलेखागार में दस्तावेज संग्रहालय और राजस्थान के मानचित्रण (मानचित्र) पर दी प्रभावी प्रस्तुति।

भूमि उपयोग और जल संसाधनों के ऐतिहासिक मानचित्रों के विकास पर यूएसए में आयोजित अंतर्देशीय कार्यशाला में भारत की और से राजस्थान राज्य बीमा एवं भविष्य निधि के निदेशक एवं पूर्व निदेशक राजस्थान राज्य अभिलेखागार, डॉ. महेंद्र खड़गावत ने भाग लिया।

पेंसिल्वेनिया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यशाला में डॉ. खड़गावत ने राजस्थान में ग्यारहवीं से बीसवीं शताब्दी के भूमि उपयोग और जल संसाधनों के ऐतिहासिक मानचित्रों के विकास पर बहुत ही प्रभावित तरीके से गहन बातचीत, प्रोजेक्ट पर प्रस्तुति और चर्चाएँ की। इस दौरान डॉ. खड़गावत ने राजस्थान राज्य अभिलेखागार में दस्तावेज संग्रहालय और राजस्थान के मानचित्रण (मानचित्र) पर एक प्रस्तुति दी।



# अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर ज्ञापन सौंपा



। पाली जिला माली समाज द्वारा सोमवार को एस.पी.
ट को केनपुरा रोड़ पर रसराज रेस्टोरेंट के मालिक
माली के साथ 31/5/24 रात्रि को अपराधियों द्वारा
हमला करने वाले अपराधी हंसमुख मेवाड़ा ,समीर पुत्र
मुसलमान अपने अन्य साथियो के साथ आकर बिना
चंद माली पर लोहे के पाईप से सिर में वार करते हुए
ा और फिर बुलेट बाइक को रेस्टोरेंट में अंदर दौड़ाकर
फ्रीजर, केश काउंटर आदि तोड़फोड़ करने वाले
की गिरफ्तारी हेतु ज्ञापन सौंपा गया। ताराचंद माली की पत्नी ने बताया कि
पर लोगों द्वारा मेरे पति को ईलाज करवाने रानी अस्पताल लेकर गये, तब
भी मेरे घर पर वापस गुंडे भेजकर उनकी पत्नि और छोटी बच्चियों पर
का प्रयास कर गाली गलौज किया।

ना पर रानी पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है किंतु अभी तक
हीं हो पाई है। ताराचंद माली के सिर अति गंभीर चोट होने के बावजूद भी
र की धारा 307 पुलिस द्वारा मुकदमे में नहीं लगाई जा रही है। अपराधियों
क पहुंच होने के कारण पूर्व में इसकी पुरानी हिस्ट्रीशीट भी बंद कर दी गई
राधी का हौसला बुलंद हो गया। अपराधियों द्वारा आएं दिन शहर में झगड़ा
र दुसरा भाई राजनैता होने के कारण पिड़ित पक्ष पर दबाव एवं डरा
समझौता करवा देता है। पुलिस द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी एवं
ली को न्याय नहीं मिल रहा है। जिस पर माली समाज को एकजुट होकर
कारियो से मिलकर निष्पक्ष कार्यवाही की मांग की गई और निवेदन किया

कि समय रहते अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया तो समाज द्वारा राजस्थान के हर जिले स्तर पर आन्दोलन किया जायेगा जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन में सम्पूर्ण पाली जिला माली समाज के मोती बाबा सांखला फालना, नरेन्द्र सिंह कच्छवाह रानी, अमृतलाल फालना, विपीन कच्छवाह रानी, राजेश सोलंकी बुशी, सोजत से ताराचंद सैनी, हीरा सिंह सांखला, पदमचंद टांक, राजेश टांक, महेंद्र टांक बजरंगी पाली माली समाज के अध्यक्ष रमेश सोलंकी, सचिव श्याम पंवार, पूर्व अध्यक्ष देवीलाल सांखला, प्रदीप कच्छवाह, ओम प्रकाश कच्छवाह, शिवजी फूल वाले, लक्ष्मणराम टांक, धनराज भाटी, विजय भाटी, विजय कच्छवाह, उमेश सांख्ला, अनिल परिहार आदि सैकड़ों समाज बंधुओं की मौजूदगी में ज्ञापन सौंपा गया।



रानी
चुनाराम ज
ताराचंद ज
जान लेवा
यासीन खा
कारण तार
हमला कि
फर्नीचर,
अपराधियों
घायल होने
उसके बाद
हमला कर
घ
गिरफ्तारी
एटेम टू म
की राजनैि
जिससे अ
करते हैं
धमकाकर
ताराचंद म
उच्च अधि

# महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण एवं विकास संस्थान (सामूहिक विवाह समिति) किशनगढ़ की बैठक का आयोजन

किशनगढ़। महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण एवं विकास संस्थान ( सामूहिक विवाह समिति) किशनगढ़ की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में नवीन गठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह समाज के वरिष्ठ समाज बंधुओ की उपस्थिति में संपन्न हुआ इसके साथ ही समाज में अनेकों सामाजिक उत्थान विषय पर विचार विमर्श कर उचित निर्णय लिए गया किए गए जिसमें सामूहिक विवाह सम्मेलन 2 फरवरी 2025 सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित होगा ।

इस दौरान पूर्व कार्य कार्यकारिणी का पिछले कार्यकाल में किए गए उत्कर्ष कार्यो के लिए सम्मान किया गया एवं सभी को माला में ऊपरना पहनकर सम्मान किया गया।

समस्त समाज बंधुओ द्वारा सार्वजनिक रूप से माली छात्रावास भवन के बाहर वृक्षारोपण का आयोजन किया जिसमें समाज पर्यावरणविदों ने अपना अपना योगदान करते हुए उनकी सुरक्षा का जिम्मा भी लिया लिया गया जिसमें लगभग 30 छायादार पौधे 10 से 15 फीट ऊंचाई के लगाए गए

इस दौरान समिति के अध्यक्ष श्रीनंदलाल जी सैनी वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र जी महावर पीह वाले, श्री घीसालाल जी भाटी, कोषाध्यक्ष श्री बलराज जी सैनी सहकोषाध्यक्ष पुखराज कव्वाल, श्रवण गहलोत एवं पूर्व अध्यक्ष कानाराम जी उबाणा, छोटू लाल सांखला एवं सैनी विकास समिति के अध्यक्ष एडवोकेट पदम राज सैनी संरक्षक डॉक्टर संतोष सैनी श्री मिश्रीलाल जी दगड़ी श्री किशन लाल जी गहलोत प्रवक्ता श्रीमान तेजाराम जी टांक नलू जसराज जी दगदी नोरत की दगदी ईश्वर जी सुरसुरा हरिजी जादम सलाहकार श्री फतेहलाल सैनी नंदकिशोर जी दगदी, जुगल किशोर जी, तुलसीराम जी गणेश जी सीताराम जी इंदौरा रामकिशन जी श्री अनिल जी सांखला एवं मधु मालाकार आदि गणमान्य समाजबंधु उपस्थित थे। प्रबंध कार्यकारिणी बैठक के आखिर में अध्यक्ष श्री नंदलाल सैनी ( श्री हरि मार्बल) फौजी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा का विसर्जन किया ।









# सैनी - माली समाज के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

फुलेरा । श्रीराम नगर स्थित सैनी- माली समाज के भवन में सैनी- माली समाज संस्था (रजि.) के अध्यक्ष तेजकरण सैनी की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के महामंत्री एड. राहुल इंदौरा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रारंभ मे महात्मा ज्योतिबा फुले के छायाचित्र पर माला पहना कर दीप प्रज्जवलन किया गया। कार्यक्रम मे शिक्षाविद सत्य नारायण सैनी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में अनुशासन का बड़ा महत्व है। शिक्षाविद् बीसी माली ने कहा कि समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की पहल सराहनीय है। समाज में शिक्षरा को और बढ़ावा देना होगा। पूर्व पार्षद भंवरलाल मालाकर एवं रामजीलाल पापटवान ने मनुष्य का पहला सुख निरोगी काया है, शिक्षा के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी है व बच्चों को मोबाइल का प्रयोग नहीं करना चाहिए । शिक्षक सुनिल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों से उनके पद चिन्हों पर चलने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संचालन लेखक व पत्रकार योगेन्द्र गहलोत ने किया । कार्यक्रम में सैनी माली समाज संस्थान की ओर से कक्षा- 10 व 12 बोर्ड परीक्षा में 80 या इससे अधिक अंक प्राप्त करने पर मेघावी विद्यार्थी प्रियांशु सैनी पुत्र सुरेश सैनी, राहुल पुत्र मिट्ठन लाल सैनी, साहिल पुत्र सुभाष गढ़वाल, खुशी पुत्री गोपाल सैनी, भूमिका पुत्री राजेश गढ़वाल, मनीष पुत्र संपत सैनी, दीप्ती पुत्री राजेन्द्र सिंगोदिया, नेहा पुत्री रमेश सांखला, अभय पुत्र शंकरलाल सैनी, पलक पुत्री बंशीलाल सैनी, प्रकृति पुत्र मनोज सैनी, निशा पुत्री राजूलाल सैनी, कृष्णा पुत्री महेश सैनी, पायल पुत्री मंगलचंद सैनी, महिमा पुत्री मंगलचंद माली, रिषिका पुत्री लालचंद सैनी, अनुष्का पुत्री लालचंद सैनी को सम्मानित किया गया। समाज के प्रेमचंद सैनी - सुरेश सैनी के द्वारा संस्थान अध्यक्ष तेजकरण सैनी का साफा बंधाकर सम्मान किया अध्यक्ष तेजकरण ने मेघावी विद्यार्थियों को शिक्षा जगत में परचम लहराने पर बधाई देते हुए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कही। इस मौके पर संस्थान के पदाधिकारी राहुल इंदौरा, सत्यनारायण बागवाड़। गणेश सैनी, शेषनारायण सैनी, श्याम लाल सैनी, रामजीलाल सैनी, पार्षद अमरचंद सैनी, रामकृष्ण माली, बाबूलाल अजमेरा, हेमराज सैनी, दयानंद सैनी, महेन्द्र सैनी, भागचंद सिंगोदिया, राजेन्द्र इंदौरा, योगेन्द्र गहलोत, सुनिल सैनी, सुरेश बडीवाल, प्रेमचंद बड़ीवाल, बलराम सैनी, बिरदीचंद सैनी, कैलाश पापटवान, मंगलचंद सैनी, मोनू, कमलेश सैनी, कृष्णा सैनी, जगदीश सैनी, प्रमोद सैनी, राजेन्द्र, रमेश सांखला, मनीष सैनी, शंकरलाल सैनी, बिट्टू सैनी, अर्चना सैनी, रोशनी, इंद्रा सैनी, निर्मला, भावना, ज्योत्सना, हिमांशी मौजूद थी।



# माली सैनी समाज संस्था का शपथ ग्रहण, पदाधिकारियों को दिलाई समर्पित भाव से समाज सेवा करने की शपथ

### झुंझुनूं के सैनी मंदिर में हुआ कार्यक्रम, सामूहिक विवाह को बताया समय की जरूरत

झुंझुनू। माली सैनी समाज संस्था का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को बगड़ रोड स्थित सैनी मंदिर में हुआ। मुख्य अतिथि सीकर के पूर्व जिलाध्यक्ष भंवरलाल थे। अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष बनवारीब लाल सैनी ने की।

विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, भाजपा नेता मुरारी सैनी सूरजगढ़ के पार्षद महावीर प्रसाद सैनी, महिला जिलाध्यक्ष बबली सैनी, डॉ. कमलचंद सैनी, प्रतिपक्ष नेता बुधराम सैनी, बहादुरमल सैनी, प्रभातीलाल सैनी, छगनलाल धूपिया, मदनलाल सैनी, महामंत्री मंजू सैनी, रतनलाल सैनी, शेखावाटी माली सैनी समाज संस्था के अध्यक्ष धूड़मल सैनी, रामकिशन भाटी, कमल बबेरवाल थे। जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने बताया कि अतिथियों ने महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुरू किया। वक्ताओं ने कहा कि माली जनचेतना महारैली का ही फल है कि उदयपुरवाटी से भगवान सैनी विधायक निर्वाचित हुए हैं। लोकतंत्र में संगठित समाज की ही गिनती होती है। इसके अलावा सामूहिक विवाह वर्तमान समय की जरूरत है। इसके बाद संस्था के पदाधिकारियों को समर्पित भाव से समाजसेवा करने की शपथ दिलाई व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सैनी, मुकेश कुमार, मुकेंद्र सैनी, नरेश सैनी, सचिन सैनी, प्रदीप सैनी, एडवोकेट मोतीलाल सैनी, होशियार सिंह, मोतीलाल सैनी, विश्वंभरलाल सैनी, कांशीराम सैनी, पूर्व पार्षद सुशील सैनी, मंत्री महेंद्र सैनी, सह कोषाध्यक्ष दीनदयाल सैनी, रतनलाल सैनी, संजय सैनी, रामलाल सैनी, देवकरण सैनी, नंदलाल सैनी, किशनलाल सैनी, आलोक सैनी, ज्ञानप्रकाश, रामवतार सैनी, राहुल पंवार, दुर्गादत्त सैनी, रामवतार सैनी, घनश्याम सैनी, पूर्व सरपंच रेखा सैनी, महामंत्री मंजू सैनी, राजेश सैनी, बाघसिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



**विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष- डॉ. संपतसिंह गहलोत 10 साल में लगा चुके हैं शहर में हजारों पौधे**

# घर-घर दस्तक देता है एक डॉक्टर ...

### जिसकी कार में रहता है हमेशा सांसें लौटाने का फर्स्टएड बॉक्स

जोधपुर। ये हैं डॉक्टर संपतसिंह गहलोत जो घर-घर दस्तक देते हैं। आपको शहर के किसी भी मोड़ पर मिल जाएंगे। उनकी कार में सांसें लौटाने का फर्स्टएड बॉक्स हमेशा तैयार रहता है। जी हां, हम बात पौधों की ही कर रहे हैं। कोरोना के बाद शहर ही नहीं देश में ऑक्सीजन की कमी को शिद्दत से महसूस किया गया। अब डॉ. गहलोत ने मिशन बना लिया है कि शहर को हरा-भरा करके रहेंगे। वे अकेले ही अपने मिशन में जुटे हैं। उनके प्रयासों की शहरवासी भी सराहना कर रहे हैं। मंडोर सैटेलाइट अस्पताल से 2014 में रिटायर होने के बाद उन्होंने पौधे लगाने के अभियान को गति प्रदान की। अब वे दिन भर शहर का भ्रमण करते हैं और जहां भी खाली जगह देखते है पौधा लगा देते है और जागरूक लोगों को उसकी देखभाल की जिम्मेदारी सौंप देते हैं। वे जहां भी जाते हैं अपनी कार से पौधे निकाल कर लोगों को सौंप देते हैं और कई जगह खुद अपने हाथों से पौधे लगाते हैं और यह सिलसिला वर्षो से चल रहा है।

8-15 फीट के एडल्ट पौधे ही लगाते हैं, ताकि जानवर ना खाए: डॉ. गहलोत का कहना है कि छोटे पौधे लगाने के बाद कई जगहों पर पशु इन्हें खा जाते हैं। इनको देखते हुए अब एडल्ट प्लटिशन का क्रेज बढ़ रहा है। ये 8 फीट से 15 फीट तक हाइट के पौधों को रोप कर इनके साथ 12 फीट ऊंचे बांस से पौधों को बांधते हैं। इसके बाद पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी किसी जागरूक व्यक्ति को सौंप देते हैं। समय समय पर खुद भी अपने लगाए पौधे की सार-संभाल करते हैं। अस्पताल से रिटायर होने के बाद पूरी तरह डॉ. गहलोत पर्यावरण संरक्षण में जुटे हुए हैं। उनका एक ही कार्य है अधिक से अधिक पौधे लगाकर शहर को हरा-भरा करना और अश्वक्सीजन का लेवल प्रकृति में बढ़ाना।

पीपल, बरगद, नीम, बिल्व पत्र आदि कई तरह के पौधे लगाए:

डॉ. गहलोत ने अब तक भदवासिया, मटकी चौराहा, धान मंडी, निंबा निंबड़ी, मंडोर, मंडोर सैटेलाइट हॉस्पिटल, अमृतलाल गहलोत स्टेडियम, पावटा सहित शहर के कई कोनों में हजारों पौधे लगाए हैं। पीपल, बरगद, नीम, बिल्व पत्र, खारी बादाम, गुलमोहर, शीशम, आम, नींबू, आंवला, अमरूद, केला, जामुन, किन्नू, पपीता सहित कई प्रजातियों के पौधे लगा चुके हैं। इसके लिए चौबीसों घंटे अपनी गाड़ी में फावड़ा, गेंती और पौधरोपण का सारा सामान साथ ही रखते हैं। अपनी गाड़ी में पौधे साथ लेकर जाते हैं। जहां पौधे को 12 फीट ऊंचे बांस से बांधते है और पौधो की देखभाल करने वाले के साथ खुद देखने जाते हैं। पौधे के चारों और पत्थर या जाली लगवाते हैं ताकि जानवर पौधे को नुकसान नहीं पहुंचा सकें।

सालगिरह, जन्मदिन और तुम कार्यो में पौधे अवश्य लगाएं: गहलोत ने बताया कि शहरवासियों को अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह, शुभ कार्यो पर पौधे अवश्य लगाने चाहिए। ताकि प्रकृति में अश्वक्सीजन की कमी ना आए। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। अगर किसी व्यक्ति को एडल्ट पौधे निशुल्क लगाने हो तो उनसे सलाह और संपर्क कर सकते हैं। वे पौधों को लेकर गाइड भी करेंगे।



## डॉ. पूनम सैनी बनी रेज़िडेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष



जयपुर । एसएमएस मेडिकल कॉलेज में बुधवार को सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों की जीबीएम का पूर्व अध्यक्ष डॉ सांवर मल जाट (जनरल सर्जरी) द्वारा आयोजन किया गया जिसमे पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नई कार्यकारिणी बनाई गई, जिसमे सर्व सम्मति से डॉ पूनम सैनी को सीनियर रेजिडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। महासचिव पद हेतु डॉ राजेंद्र रॉयल, डॉ संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष पद हेतु डॉ राजेंद्र कुड़ी, डॉ पूनम चौधरी और स्टेट कॉर्डिनेटर पद हेतु डॉ दीपक शर्मा को निर्विरोध चुना गया। राजस्थान और शायद पूरे देश के इतिहास में डॉ पूनम सैनी पहली महिला रेजिडेंट चिकित्सक है जो इस मुकाम पर पहुंची है।

आज जयपुर के सभी सीनियर रेजिडेंट चिकित्सकों ने डॉ पूनम सैनी को अध्यक्ष पद पर चुनकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है। उल्लेखनीय है कि डॉ पूनम सैनी ने पहले भी आर न टी मेडिकल कॉलेज उदयपुर में पीजी करते समय काफी सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य किया है । अंत में नवनिर्वाचित महासचिव डॉ संजीव चौधरी ने समस्त सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर्स को धन्यवाद देकर डॉक्टर्स के हर मुद्दे का समाधान का प्रयास करने का आश्वासन दिया और संगठन को और मजबूत करने का विश्वास दिलाया।

## भामाशाह सांखला ने जन्मदिवस पर भेंट किए कंप्यूटर



तिंवरी । कस्बे में संचालित हो रही माली प्रतियोगी शिक्षण संस्था में माली समाज के युवाओं के लिए निःशुल्क शिक्षण का कार्य पिछले एक वर्ष से करवाया जा रहा हैं। संस्था के सचिव सेवाराम टाक ने बताया कि माली समाज के वरिष्ठ भामाशाह एवं हरिद्वार धर्मशाला के ट्रस्टी नरपतसिंह साँखला अपना जन्मदिवस संस्था में प्रतियोगी प्रशिक्षण के विद्यार्थियों के साथ सार्थक पहल के साथ मनाया। भामाशाह साँखला ने संस्था में पाँच कंप्यूटर सेट भेंट किए। संस्था के प्रस्तावित शिक्षण भवन निर्माण के लिए ग्यारह लाख रुपए देने की घोषणा की, वहीं युवा उद्यमी युधिष्ठिर परिहार ने पाँच कंप्यूटर एवं प्रस्तावित नवीन भवन में अत्याधुनिक सुविधाओं युक्त प्याऊ के निर्माण की घोषणा की। संस्था कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भामाशाहों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। भामाशाहों ने नवीन भवन के जल्द निर्माण हेतु आगे की कार्ययोजना भी बनाई। इस अवसर पर समाज के कई जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ लोग मौजूद रहे। ।

## ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की त्रैमासिक मीटिंग

उत्तराखंड। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की त्रैमासिक मीटिंग दिनांक 9 जून को उत्तराखंड के रुड़की के अंदर राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग जी सनी की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में उत्तराखंड के मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी उत्तराखंड के राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी राष्ट्रीय वृक्ष उपाध्यक्ष ताराचंद गहलोत राष्ट्रीय संरक्षण जल सैनी गौर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश जी सैनी पूर्व यूपी के गृहमंत्री राम सिंह सैनी राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष प्रदीप सैनी राष्ट्रीय सचिव पीएम सैनी राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार सैनी राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम सैनी कोषाध्यक्ष आजाद सिंह सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष पुखराज जगदीश प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान सेवाराम जगदीश युवा अध्यक्ष प्रदेश राजस्थान अजय सैनी महिला अध्यक्ष राजस्थान बिना टांग प्रदेश उपाध्यक्ष जबराराम सैनी भंवरलाल मालाकार प्रदेश महामंत्री राजस्थान राजस्थान की प्रदेश महिला उपाध्यक्ष पूरी टीम ने इस सम्मेलन में भाग लिया।












## समग्र माली समाज वैवाहिक परिचय सम्मेलन 7 जुलाई को

अजमेर। धीर माली, भोई माली, काछी माली, मेवाडा माली, फूल माली, कुशवाहा, शाक्य, मौर्य , बागवान, रेड्डी माली, पटेल माली , सैनी माली समाज के अविवाहित बेटे बेटियो और महिला पुरुषों के लिए दिनांक 07 जुलाई 2024 रविवार को गढ़वाल पैलेस तोपदड़ा, अजमेर में दोपहर 11 बजे से माली सैनी समाज के अविवाहित डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, सरकारी और प्राइवेट कर्मी, व्यापारी, एनआरआई इत्यादि और पुनर्विवाह महिला पुरुष समाज बंधुओ के विवाह हेतु भव्य वैवाहिक परिचय सम्मेलन अजमेर माली सैनी समाज की संस्था ज्योतिबा फूले (सैनी) मालियान एकता समिति, अजमेर राजस्थान (रजिस्टर्ड) द्वारा आयोजन किया जा रहा है। जानकारी रजिस्ट्रेशन हेतु आप हेमेंद्र सिंगोदिया 9251402571, राजकुमार भाटी 7737906186, सुनील अलूदिया 9828042158 से संपर्क कर सकते है।

## 2024 लोकसभा चुनाव में जीते हुए स्वजातीय सांसद




बाबू सिंह कुशवाहा सपा-जौनपुर यूपी

देवेश शाक्य सपा-एटा यूपी

नीरज मौर्य सपा-आंवला यूपी

विजय लक्ष्मी देवी कुशवाहा JDU सिवान-बिहार


सुनील कुशवाहा-JDU बाल्मीकिनगर-बिहार

अभय कुमार सिन्हा JDU औरंगाबाद-बिहार

राजाराम सिंह कुशवाहा माले -कराकट-बिहार

भारत सिंह कुशवाहा BJP ग्वालियर-मध्यप्रदेश

# पद्मश्री नेकचंद सैनी जी के स्मृति दिवस (12 जून) पर सादर नमन व विनम्र श्रद्धांजलि



खुशियाँ सिर्फ पैसों से नहीं मिलती ! नेकचंद जी की जीवनी हमें शिक्षा देती है कि हमारा हर काम हमेशा पैसों अथवा लाभ को ध्यान में रखकर ही नहीं होना चाहिए। यदि आप अपनी रूचि के प्रति जुनूनी हैं तो इसके लिए आपको रिवार्ड या एवार्ड की प्रवाह नहीं होनी चाहिए, बस आप अपने उस काम में खुशियाँ तलाशते रहें।

नेक चंद जी का जन्म बेरियन कलां गांव, शकरगढ़ (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। बंटवारे के बाद उनका परिवार चंडीगढ़ में आकर बस गए थे। भारत में पहला योजनाबद्ध तरीके से एक नये शहर (Planned City) का निर्माण कार्य चंड़ीगढ मे हो रहा था। नेकचंद ने वहां 1951 में रोड़ इंस्पेक्टर के पद पर पी.डब्लु.डी.ज्वाईन कर लिया। शहर विस्तार योजना में बहुत सारे गांव खाली करा दिये गये थे। गांव वाले पीछे छोड़ गये थे टूटा-फूटा सामान और कूड़ा-कचरा। नेक चंद ड्यूटी के बाद अपनी साइकिल से आस-पास के खाली कराये गांवों से वह कबाड़ा, जो उनको काम का लगता था, लाद कर लाते। सारा सामान उन्होंने जंगल में एक जगह इक्टठा करना शुरू कर दिया।

नेक चंद जी कबाड़ से मानव आकृतियाँ, जानवर, पक्षी, लतायें बनाये। इस तरह वह तमाम उन चीजें जिन्हें हम अनुपयोगी समझ कूड़े के ढेर का हिस्सा बना देते हैं, आश्चर्यचकित करने वाला नया रूप देते जाते। यह भी विदित रहे कि उन्होंने इस अद्भुत कलाकारी की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली थी। जंगल में इस तरह से किया गया छेड़छाड़ एक तरह से अवैध कब्जा ही था, जिससे कि उनकी नौकरी जाने तथा पूरा निर्माण ध्वस्त किये जाने का खतरा हमेशा ही बना रहता था। इसलिए वह यह सब काम ड्यूटी के बाद चुपके से किया करते थे। इस तरह वे करीब 18 सालों तक गुपचुप तरीके से रात के अंधेरे यह कार्य करते रहे तथा साथ-ही-साथ ड्यूटी भी ईमानदारी से किया करते थे और अपना शौक (होब्बी) भी पूरा करते। उन्होने 12 एकड़ जमीन को कलाकृतियों से पाट दी थी। एक दिन 1972 में जंगल साफ कराते समय उनके इस निर्माण स्थल पर उच्च अधिकारियों की निगाह पड़ गयी वे इस अद्भुत कार्य को देखकर दंग रह गये। यह कार्य सरकार के मास्टर प्लान का हिस्सा न होने के कारण तोड़ना पड़ रहा था। लेकिन अब तक उनके इस कार्य की ख्याति आग की तरह चारों तरफ फैल चुकी थी तथा आम जनता उनके निर्माण की रक्षा के लिए आगे आ गयी तथा अधिकारियों को झुकना पड़ा।

**रॉक गार्डन-** सरकार ने चंडीगढ़ के नक्शे में इस गार्डन को जगह देने के बाद, नेकचंद को उनके अन्य सभी कर्तव्यों से मुक्ति दे दी और उनसे कहा गया कि वे केवल रॉक गार्डन को बड़ा और बेहतर बनाने पर ध्यान दें। इस गार्डन का निर्माण तीन चरणों में हुआ। पहले चरण में वह काम पूरा हुआ, जो सैनी ने दुनिया की नजरों से बचकर किया था। दूसरे चरण का काम 1983 में समाप्त हुआ, जिसमें इस गार्डन में एक झरना, एक चौक, एक छोटा सा थियेटर, बगीचा, पथ व प्रांगण बनाये गए। इसके अलावा, वहां लगभग 5,000 छोटी-बड़ी कलाकृतियां रखी गई जो कंक्रीट पर मिट्टी का लेप चढ़ाकर बनाई गई थीं। तीसरे चरण में वहां कई बड़े निर्माण हुए, जिनमें मेहराबों की एक श्रृंखला शामिल थी। इन मेहराबों से झूले लटकाए गए। इसके अलावा, मूर्तियों के प्रदर्शन के लिए एक मंडप, एक मछलीघर और खुले आसमान के नीचे एक थियेटर भी बनाया गया। सैनी ने 1993 और 1995 के बीच केरल के पलक्कड़ जिले में डेढ़ एकड़ का एक छोटा रॉक गार्डन भी बनाया। रॉक गार्डन, 'आउटसाइडर आर्ट' (बाहरी कला) का एक नमूना है। 'रॉ विजन' नामक आउटसाइडर आर्ट पर केंद्रित एक अंतरराष्ट्रीय पत्रिका के अनुसार, आउटसाइडर आर्ट के कलाकार "अप्रशिक्षित, अशिक्षित और कला की दुनिया के बारे में कुछ न समझने वाले होते हैं वे अपनी नई आकृतियों और नई तकनीकों का अविष्कार करते हैं और अपनी निजी दुनिया बनाते हैं'। सैनी भी रॉक गार्डन को अपना 'साम्राज्य' कहा करते थे। सैनी की मृत्यु के बाद, रॉ विजन ने अपनी संक्षिप्त श्रद्धांजलि में लिखा "वे दुनिया के सबसे अग्रणी स्व-शिक्षित कलाकार थे और 2000 मूर्तियों, झरनों और रंगमंचों वाले 25 एकड़ में फैले नायाब रॉक गार्डन का निर्माण, उनकी असाधारण उपलब्धि थी। उनके जैसा व्यक्ति हम शायद फिर कभी नहीं देखेंगे"।

सन् 1983 में डाक विभाग ने रॉक गार्डन की कलाकृतियों पर एक डाक टिकट जारी किया। इसके एक साल बाद नेकचंद को पद्मश्री से नवाजा गया। उनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनियां यूरोप और अमरीका में हुई और उन्हें फ्रांस सरकार ने भी सम्मानित। परंतु जहां एक ओर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान मिला, वहीं उनके द्वारा रचित रॉक गार्डन, जिसने उन्हें प्रसिद्धि दिलवाई थी, का भविष्य अनिश्चित बना हुआ था। स्थानीय बॉर एसोसिएशन ने रॉक गार्डन के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया जो 1989 तक चलता रहा। सन् 1996 में, जब सैनी विदेश में थे, तब उन्हें पता चला कि कुछ अज्ञात लोगों ने रॉक गार्डन में तोडफोड़ की, जिसमें उनकी सैंकड़ों कलाकृतियों को नुकसान पहुंचा। पार्क अब 40 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है और भारत एवं विदेशों से प्रतिवर्ष लाखों लोग इसे देखने आते हैं, जिससे टिकटों की बिक्री से करीब 2 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। कहा जाता है कि यह पार्क भारत में ताजमहल को देखने के बाद सबसे ज्यादा देखे जाने वाला स्थान है। उनकी यह रचना पूरे भारत के लिए नायाब तरीके से समाज की सेवा और सृजनात्मकता, सौंदर्य, कठिन मेहनत और उत्साह का प्रेरणादायक उदाहरण है। यह लोगों को किसी काम में न आ सकने वाली बेकार सामग्री की रिसाईकिल की सीख भी देती है जिससे कि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके।

## माली समाज य निरक्षर महिलाओं के लिए सबसे पहले प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र शुरू किए, अब बालिका शिक्षा व खेलों पर फोकस, 100 कमरों के नए हॉस्टल में रहने-खाने की सुविधा निःशुल्क होगी



कोटा। माली समाज ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ पहल की है। इसके लिए जरूरी था शिक्षा के प्रति जागरुकता । इस उद्देश्य से बहुत पहले ही निरक्षर महिलाओं के लिए प्रौढ़ शिक्षा केंद्र खोल दिए थे। बच्चों के खेलों और विशेषकर बालिका शिक्षा पर फोकस किया जा रहा है। बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण भी देते हैं। समाज का पहला बालिका छात्रावास मुकंदरा विहार में बनने जा रहा है, जिसका भूमिपूजन हो गया है। यह 100 कमरों का छात्रावास बनेगा बाहर से आने वाली छात्राओं और उनके अभिभावकों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था रहेगी। समाजसेवी दुर्गाशंकर सैनी ने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा पर हमारा फोकस है। बाल विवाह न करने को लेकर समाजसेवी जागरूकता फैला रहे हैं। हमने युवक-युवती परिचय सम्मेलन में युवती की उम्र 18 और युवक की 21 निर्धारित कर रखी है। जरूरतमंद परिवार की बालिकाओं के लिए समाज कोटा में रहने और पढ़ने की व्यवस्था करता है। समाज के दो खेलकूद के अखाड़े बालिकाओं के लिए ही चल रहें हैं।

**भास्कर टॉक शोः** समाज के पदाधिकारियों ने भास्कर टॉक शो में समाजिक विकास की गतिविधियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा की। पुरुषोत्तम अजमेरा, अनिता कछावा, भानुप्रताप सुमन, योगेंद्र बाथरा, देवकरण सुमन, मेवालाल बलेंडिया, बालकिशन सुमन, बिरधीलाल सैनी, दीपक सुमन, दीनदयाल सैनी, हरिप्रकाश सैनी, चंदालाल सुमन, सुनील गहलोत, महावीर सुमन सहित पदाधिकारी व समाजजन शामिल हुए।

**जिले में 37 निजी स्कूलों का** – संचालन कर रहा समाज जय ज्योतिबा एजुकेशन सोशल वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष अनिता कछावा ने बताया कि कोटा जिले में समाज की ओर से 37 निजी विद्यालय संचालित हैं। वे स्वयं दस साल में समाज के जरूरतमंद परिवार के 100 से अधिक बच्चों को निशुल्क शिक्षा के लिए दाखिला करवा चुकी हैं। रामपुरा सुमन बाल विद्यालय के संचालक पुरुषोत्तम अजमेरा ने महिलाओं को शिक्षित करने के लिए प्रौढ़ शिक्षा केंद्र खोल रखा है।

**जूडो खिलाड़ी शिवानी-श्रुति ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल किया नाम रोशन** मंगलेश्वर व्यायामशाला के पहलवान शिक्षक भानुप्रताप सिंह ने बताया कि पिता उस्ताद नाथूलाल पहलवान ने छावनी, जेके बॉम्बे योजना, सुभाष नगर, मांगरोल, रेलगांव में व्यायामशालाएं खोली। इनमें 500 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण लेते हैं। करीब 150 खिलाड़ी तो रोज अभ्यास करते हैं। बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया जाता है। शिवानी व श्रुति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जूडो खेल चुकी हैं। खेलो इंडिया में इशिता राठौर, लक्ष्मी नागर का चयन हुआ है। सुभाष नगर व छावनी में बालिकाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र हैं। फूल माली सेवा संस्थान और फूल माली सैनी समिति के पदाधिकारी देवकरण सुमन और बालकिशन ने बताया कि विनोबा नगर में समाज के छात्रावास में 25 बच्चे निशुल्क रहे हैं। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के जिलाध्यक्ष मेवालाल बलांडिया बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक कर रहे हैं। समाज के सैनी मेट्रो मुनि एप में 300 युवक – युवती जुड़े हुए हैं।

**प्रशासनिक व चिकित्सा की मददः** फूल माली विकास समिति के पदाधिकारी चंदालाल सुमन बाहर से आने वाले बच्चों और उनके अभिभावकों के ठहरने व खाने पीने की व्यवस्था करते हैं। वहीं, सुनील गहलोत किसी के आकस्मिक निधन, घटना, दुर्घटना में समाज के लोगों का सहयोग कर प्रशासनिक सुविधा मुहैया कराते हैं। युवा समाजसेवी अनेश सैनी एमबीएस अस्पताल समाज के आने वाले हर व्यक्ति की मदद करते हैं।

## वीरान पड़ी पूंजला नाडी क्षेत्र में अब लहलहा रही है हरियाली की छटा सेवाभावी परिवार ने पक्षियों के ठहरने के लिए सुंदर पक्षी विहार का निर्माण करवाया



जोधपुर। प्राकृतिक पहाड़ियों में बसी पूंजला नाडी व उससे जुड़ा क्षेत्र एक जमाना था वीरान व उजाड़ पड़ा रहता था, लेकिन इस क्षेत्र के रहने वाले लोगों की टीम ने आत्म विश्वास दिखाते हुए संकल्प लिया जिससे अब यह क्षेत्र हरे भरे पेड़ पौधों, पक्षियों के दाना पानी के परिंडों व पक्षियों के आराम के लिए पक्षी विहार के निर्माण के साथ एक खूबसूरत क्षेत्र में तब्दील हो गया है। टीम हर दिन ओर खास कर रविवार को नाडी क्षेत्र में पहुंच कर अच्छे से अच्छे बंदोबस्त करने में जुट जाते है। मौजूदा समय में नाड़ी परिसर पर फल व फूलदार प्रजातियों के करीब 300 से 400 पेड़ पौधें लहलहा रहे हैं। लोगों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर सैनिक क्षत्रिय पूंजला संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान के नाम से एक संगठन बनाया है। इस संगठन से जुड़ी टीम प्रत्येक दिन और विशेष कर रविवार को नाडी परिसर में लगे पेड़ पौधे, पक्षियों के लिए लगाए गए परिंडे व पक्षी विहार आदि की सार संभाल करने में जुटी रहती है।

**जन्म दिन, पुण्य तिथि और तीज त्यौहार के मौके पर विशेष पौध रोपणः** किसी परिवार में बच्चे या बड़े का जन्म दिन, परिवार में किसी की पुण्यतिथि के अलावा तीज त्यौहार का अवसर होता है तो परिवारजन पूंजला नाडी परिसर में आकर पौधे लगा कर पर्यावरण को बढ़ावा देने का संकल्प लेकर जाते हैं। इस अवसर पर पूंजला नाडी संस्थान के लोग ऐसे लोगों का स्वागत सत्कार कर उनका हौंसला बढ़ाने में पीछे नहीं रहते। वैसे नाड़ी परिसर में गणेश विसर्जन, देव झूलनी एकादशी के साथ अन्य अवसरों पर लोगों का बड़ी संख्या में आने से नाडी परसिर में मेले जैसा माहौल बना रहता है।

**पांच साल पहले बनी टीम, अब लक्ष्य के अनुसार का कर रही हैः** 9 जून 2018 में बनी सैनिक क्षत्रिय पूंजला संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान का क्षेत्रीय लोगों ने गठन कर एक टीम खड़ी की। टीम के सदस्यों में जगदीश देवड़ा, युधिष्टर सिंह गहलोत, बलवीर गहलोत, लुम्बाराम देवड़ा, झूमरलाल देवड़ा, भागीरथ परिहार, जवरीलाल भाटी, मनीष गहलोत, सांवलसिंह सांखला, सम्पत भाटी, हिम्मतसिंह परिहार, जगरसिंह परिहार, कानाराम, लिखमाराम, भैरूसिंह परिहार, महेश गहलोत, लेखराज गहलोत, अनिता गहलोत, धर्मेंद्र सिंह गहलोत,सत्यरायण परिहार व करण देवड़ा सहित अन्य लोग शामिल है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह टीम लक्ष्य तय कर आगे बढ़ती है।

# सैनी माली समाज 101 बेटियों को शिक्षा के लिए लेगा गोद




गंगापुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सैनी माली समाज गंगापुर सिटी एवं नामदेव फिनवेस्ट प्रा.लि. के संयुक्त तत्वाधान में सर्व समाज की ऐसी 101 बेटियां शिक्षा के लिए गोद ली जाएगी जो किसी भी वजह से अपनी शिक्षा को पूरी नहीं कर पाई । सैनी समाज जिला अध्यक्ष सीएल सैनी ने बताया कि कोरोना या अन्य किसी कारणवश अनाथ हुई प्रत्येक बेटी को शिक्षा की मुख्यधारा में लाया जायेगा। ऐसी बेटियां जो आगे पढ़ना चाहती है लेकिन किसी कारणवश वह अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रही है ऐसी बेटियों को समाज शिक्षा के लिए गोद लेगा । इस कार्य हेतु आवेदन प्रक्रिया आगामी 17 जून से 30 जून तक प्रारंभ की जावेगी। नामदेव फिनवेस्ट प्रा लि निदेशक जितेंद्र तंवर के तत्वाधान में पिछले वर्षो से 350 से अधिक बेटियों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाने का पुनीत कार्य किया जा चुका है। बेटियों को सहायता राशि चेक द्वारा जुलाई माह मे वितरित की जाएगी । उन्नति ग्रुप के संयोजन में इस वर्ष कक्षा 6 या इससे अधिक कक्षाओं में अध्यनरत बेटियों को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

# पूरणमल लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष जिला सैनी महासभा की जिला कार्यकारिणी के हुए चुनाव



अलवर। जिला सैनी महासभा की जिला कार्यकारिणी के हुए चुनाव में पूरणमल सैनी लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट सतीश कुमार कसाना ने बताया कि महासभा के कुल 14746 मतदाताओं में से 6795 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। पूरणमल सैनी को 3919 व घीसाराम सैनी को 2704 मत मिले। इस प्रकार 1215 मतों पूरणमल सैनी विजयी रहे। उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी मनोहर लाल सैनी को 3883 व अशोक कुमार को 2522 मत मिले। मनोहर लाल सैनी 1361 मतों से विजयी रहे। महामंत्री पद के प्रत्याशी बोदनराम सैनी को 3857 व अशोक कुमार सैनी को 2581 मत मिले। बोदनराम सैनी 1276 वोटों से विजयी हुए। संगठन मंत्री पद पर लक्ष्मणराम सैनी 1272 वोटों से विजयी हुए हैं। लक्ष्मण राम सैनी को 3847 व बृजमोहन सैनी को 2585 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर प्रत्याशी मुन्नालाल सैनी 1195 वोटों से विजयी हुए हैं। उन्हें 3816 व रघुवीर सैनी को 2621 मत मिले। प्रचार मंत्री पद पर प्रभुदयाल सैनी 1266 वोटों से विजयी हुए हैं। उन्हें 3844 व योगेंद्र टांगड़ा को 2578 मत मिले। मंत्री पद के प्रत्याशी भगवान सैनी को 3782 व खुशीराम सैनी को 2597 मत मिले। भगवान सैनी 185 वोटों से विजयी रहे।

# फूलमाली परगना जीरापुर, खिलचीपुर क्षेत्र की महापंचायत बैठक का हुआ आयोजन अजय मालाकार आम सहमति से बने जीरापुर खिलचीपुर क्षेत्र की परगना पंचायत अध्यक्ष

रापुर। फूलमाली समाज जीरापुर खिलचीपुर क्षेत्र की परगना पंचायत के गठन एवं क्षेत्र में एक समाज एक नियम आधारित फूलमाली महापंचायत परगना बनाने के लिए बड़ी क्षेत्रिय बैठक का आयोजन सोमवार को डग रोड स्थित हनुमान मंदिर किया गया।

बैठक के मुख्य अतिथि फूल माली महापंचायत प्रदेश महामंत्री ओम प्रकाश पुष्पद सारंगपुर फूल माली समाज महापंचायत संयुक्त क्षेत्र मध्य प्रदेश राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार माली सोयत एवं अध्यक्षता मोहनलाल वर्मा (पुष्पद) जीरापुर पूर्व सचिव संयुक्त फूलमाली समाज मुल्की पंचायत क्षेत्र म.प्र., राज. फूल माली समाज सोशल ग्रुप प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पुष्पद सहित अन्य अतिथियों द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने समाज को शिक्षित एवं समृद्धशाली बनाने समाज की फिजूल खर्ची को रोकने के लिए अपने-अपने विचार विस्तार से प्रगट किया। साथ ही समाज को एक मजबूत मंच देने बैठक में समिति का गठन एवं विस्तार भी किया गया। बैठक मे खिलचीपुर पंचायत द्वारा मोहनलाल बर्मा (पुष्पद) का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया। श्री वर्मा द्वारा असमर्थता व्यक्त करने के बाद उनके द्वारा अजय मालाकार जीरापुर का नाम प्रस्तावित किया गया जिसका समर्थन मानपुरा, बांगपुरा, लखोनी, खिलचीपुर, झाड़मऊ मोहन छापीहेडा करणपुरा सहित सभी पंचायतों द्वारा किया गया पंचायतों द्वारा किया गया सर्वानुमति से अजय मालाकार को जीरापुर खिलचीपुर क्षेत्र की परगना पंचायत का अध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक मोहनलाल वर्मा उपाध्याम मनोज मालाकार खिलचीपुर, सुरेश मालाकार लखोनी सचिव- भगवान सिह मालाकार मानपुरा, सह सचिव दीपक पुष्पद जीरापुर, कोषाध्यक्ष जगदीश गागोरनी, सहकोषाधक्ष-लालचन्द मालाकार पीपल्याकुल्मी परामर्शदाता बद्रीलाल पटेल जीरापुर भालनलाल मोहन नारायणसिह, मानपुरा दिनेश पुष्पद नरेन्द्र पुष्पद को बनाया गया संचालकसंचालन विमल मालाकार जिला उपाध्यक्ष फूलमाली सोशल उत्थान समिति ने किया आभार अजय मालाकार ने माना। इस दोरान





बैठक मे मानपुरा, बांगपुरा, लखोनी, खिलचीपुर, झाड़मऊ मोहन छापीहेडा करणपुरा जीरापुर पीपल्या कुल्मी गागोरनी सहित गांव की पंचायतों के समाज जन उपस्थित थे।

# क्षमताओं पर विश्वास रखें यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें : सैनी





बालोतरा,(निसं)। माली सैनी अधिकारी कर्मचारी संघ बालोतरा के द्वारा माली समाज भवन के प्रांगण में करियर गाइडेन्स एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक भरत पंवार ने बताया कि शुभारम्भ स्कूली छात्राओं की संगीतमयी सरस्वती वन्दना से हुआ। संघ के अध्यक्ष जगदीश पंवार के स्वागत भाषण एवं मंचासीन अतिथियों के अभिनन्दन के उपरान्त, नीट-2024 में 12 वीं के साथ प्रथम प्रयास में 16115 रैंक पर चयनित हिमांशु कच्छवाह ने कहा कि हमें 9 वीं कक्षा में ही जब अपने करियर को तय कर लेना चाहिए और समय को मूल्यवान समझ कर पूरे समर्पण से उसी लक्ष्य के प्रति साधना में जुट जाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित नवचयनित गुरु रैंक 229 बालोतरा निवासी विजय राघव गोयल ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि आप साइन्स, कॉमर्स या आर्ट्स किसी भी विधा से अध्ययनरत हो, कठोर मेहनत और समपर्ण से आईएएस बनने का सपना साकार कर सकते हैं। इसके लिए प्रतिदिन की स्टडी का खाका बनाए, उसका ईमानदारी से मूल्यांकन करे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और हमेशा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जानकारियों से खुद को अपडेट रखे। कार्यक्रम के आकर्षण राष्ट्रीय मोटिवेशनल स्पीकर एवं कमलेश चन्द्रा सर ने इस बात पर जोर दिया कि हमारा लक्ष्य कोई भी हो, पहले हमें ये सीखना होगा कि स्टडी का सही और स्मार्ट तरीका क्या है, तभी



हम अपनी मेहनत का अधिकतम लाभ अर्जित करके कैरियर में सफल हो सकते हैं। कैलाश चन्द्रा ने स्कूली बच्चों को मैमोरी बढ़ाने के टिप्स भी समझाए।

विशिष्ट अतिथि फिफ्टी विलेजर्स के संस्थापक डॉ.भरत सारण बाड़मेर ने स्कूली बच्चों में मोटिवेशनल गीतों के माध्यम से नई ऊर्जा का संचार किया। उन्होंने बताया कि जीवन में जिज्ञासु बने रहे। अपनी जड़ों से जुड़े रहे और संस्कार रुपी कवच को धारण करें तभी सही मायनों में जीवन सफल बना सकते हैं। पचपदरा रिफायनरी में कार्यरत इंजिनियर पीसी कच्छवाह ने स्कूली बच्चों को ग्रीन एनर्जी में भविष्य की सम्भावनाओं को तलाशते हुए इस से जुडे कैरियर विकल्पों को अपनाने का सुझाव दिया। चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीणा सुन्देशा जालोर कॉमर्स के क्षेत्र में कैरियर की विभिन्न उत्कृष्ट

सेवाओं के बारे में नवीनतम जानदारी दी और छात्रों को बिजनेस के क्षेत्र में असीम अवसरों का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अतिरिक्त जिला कलेक्टर नानूराम सैनी ने विद्यार्थियों को समय का महत्व पहचानने का आह्वान किया। एडीएम सैनी ने बताया कि स्कूली जीवन के प्रतिशत आपके जीवन की दिशा तय नहीं करते। यदि ठान ले और निरंतर प्रयास में जुट जाए तो कोई भी कैरियर मुश्किल नहीं हैं। सेमिनार में विद्यार्थियों ने अपने फ्यूचर प्लान और कैरियर को लेकर विभिन प्रश्न पूछे जिनका सम्बन्धित मंचासीन अतिथियों ने जवाब देकर उनका मार्ग प्रशस्त किया।



**चतराराम पंवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया:** इस अवसर पर माणकचंद कच्छवाह, मधुकर परिहार, रामेश्वरलाल सोलंकी, केसाराम गहलोत, वासुदेव सुंदेशा, बाबूलाल गहलोत, अचलचंद गहलोत, लक्ष्मणलाल कच्छावा, मुकेश गहलोत, सुरेश सैनी, जितेंद्र गहलोत, पारसमल परिहार, ईश्वरलाल गहलोत, पारसमल चौहान, राजेंद्र गहलोत, दिनेश पंवार, मुकेश पंवार, राधेश्याम परिहार, सुरेश पंवार, पुष्पा गहलोत, खेताराम पंवार, गणपत चौहान नरेंद्र परिहार, महेश सुंदेशा, सहित सैकड़ो लोगों की उपस्थित रही। संचालन गणपतलाल पंवार और मांगीलाल सुन्देशा ने किया।

## जुगलकिशोर लगातार तीसरी बार सैनी समाज के अध्यक्ष बने

भरतपुर। सैनी विकास समिति का चुनाव रविवार को हुआ, जिसमें जुगल किशोर सैनी को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जुगल किशोर लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बने हैं। निर्वाचन अधिकारी प्रहलाद सैनी ने बताया कि रविवार को आयोजित अध्यक्ष पद के लिए किसी ने पर्चा दाखिल नहीं किया। बाद में सर्व सम्मति से जुगल किशोर सैनी को निर्विरोध जिलाध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जुगल किशोर सैनी का सभी ने माला और फैंटा पहना कर अभिनंदन किया। इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष



जुगल किशोर सैनी ने कहा कि छात्रावास को अपडेट कराया जाएगा। इसमें 24 कमरे और एक हाल बना हुआ है। यहां निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था प्रारंभ की जाएगी, जिससे समाज एवं अन्य विद्यार्थियों को फायदा मिल सके। साथ ही छात्रावास परिसर में इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स चलाना भी प्रस्तावित है। इस मौके पर रामदयाल व्याख्याता, चतर सिंह सैनी पार्षद, दुलीचंद गुंडवा, रामरूप कंजौली, पदम कंजौली, डॉ. अजय सैनी, तोता राम, इंद्रजीत कुशवाहा, मानसिंह सैनी सहित जिले भर से सैनी समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने शिरकत की।

# माली समाज की अभिनव पहल, रक्तदाताओं को बांटे हेलमेट

## दुर्घटना में हुई युवक की मौत, परिजनों ने मृत्युभोज की बजाय लगवाया रक्तदान शिविर

नागौर। माली समाज के लोगों ने अभिनव पहल करते हुए समाज को नई दिशा दी है। गत दिनों माली समाज के गोपीकिशन भाटी की दुर्घटना में मृत्यु हो गई। उसके 12वें पर मृत्युभोज करने की बजाए परिवार के लोगों ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें समाज के लोगों एवं युवाओं ने गर्मी के मौसम के बावजूद बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।



किराना मर्चेट एसोसिएशन के अध्यक्ष धर्माराम पाटी की पहल पर आयोजित रक्तदान शिविर में मृतक के परिजन फताराम भाटी व परिवार के साथ राती नाडी युवा टीम ने आयोजन को सफल बनाया। दिवंगत आत्मा को सच्ची श्रद्धाजलि देने के लिए भाटी परिवार के सदस्यों ने 12 दिन तक जीमण (मृत्यु भोज) में फिजूलखर्ची नहीं करके अनजान रोगियों के लिए रक्तदान करके, समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया है। अध्यक्ष भाटी ने बताया कि सोमवार को जोधपुर रोड स्थित एक होटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इससे युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरुकता आएगी। उन्होंने कहा कि कई अनजान रोगियों को रक्तदान से नया जीवन मिलता है। इंसानियत का धर्म भी यही कहता है। शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वही समाज के मौजीज व्यक्ति हरिश्चंद्र देव, कृपाराम देवा, रामनारायण देवता, रामनारायण भाटी, सहित अनेक गणमान्य लोगों ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई की। रक्तादावाओं को प्रमाण पत्र एवं हेलमेट प्रदान किए। शिविर में लाइफलाइन ब्लड बैंक, नागौर की टीम ने रक्त संग्रह किया। शिविर के आयोजन के लिए होटल मालिक अमरचंद सांखला ने निशुल्क व्यवस्था को शिविर में 101 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया तथा 30 कार्यकर्ताओं की टीम सहयोग के लिए उपस्थित रही।

**प्रदेश माली सैनी महासभा की आमसभा : सर्वसम्मति से ताराचंद गहलोत अध्यक्ष, भवानी शंकर महामंत्री और बहादुर सैनी कोषाध्यक्ष बने**

# चलेगा सदस्यता अभियानय : 14 जिलाध्यक्ष और 102 लोगों की कार्यकारिणी का गठन







जयपुर। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की प्रदेश स्तरीय आमसभा का सोमवार को स्वेज फार्म सोडाला स्थित एक रिसोर्ट में आयोजन हुआ। विरदाराम देवड़ा ने आमसभा की अध्यक्षता की, जिसमें सर्वसम्मति से निर्विरोध ही पदाधिकारियों का चयन भी कर दिया गया। जिसमें ताराचंद गहलोत को अध्यक्ष, भवानी शंकर माली को महामंत्री मुख्यालय और बहादुर सैनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। भवानी शंकर माली ने बताया कि यह राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा 1982 से प्रदेश में कार्यरत है, लेकिन इसका कॉपरेटिव डिपार्टमेंट में रजिस्ट्रेशन नहीं था। अभी समाज की सक्रियता से इसका रजिस्ट्रेशन करवा दिया है और पहली बार प्रदेश के सभी जिलों से आए पूर्व पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं ने आमसभा में तीन पदों पर सर्वसहमति से निर्वाचन किया। महासभा के बैंक अकाउंट, पैन कार्ड सहित सारी विधिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई है। हीरा वैली रिसोर्ट स्वेज फार्म जयपुर में महासभा का मुख्यालय रहेगा। वहीं नवनियुक्त कार्यकारिणी की मौजूदगी में ही कार्यालय का लोकार्पण भी किया।




**महासभा की ये रहेंगी मुख्य मांगें:** महासभा के महामंत्री भवानी शंकर माली ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न, महासभा के लिए राजधानी में सरकार से रियायत दर जमीन उपलब्ध करवाने, माली सैनी, कुशवाहा, मौर्य, शाक्य समाज को 12 प्रतिशत आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर महासभा की ओर से राज्य व केन्द्र सरकार से पुरजोर मांग की जाएगी।

**हर दो माह में होगी कार्यकारिणी बैठक:** प्रदेश माली सैनी महासभा में 14 जिलाध्यक्ष सहित 102 लोगों की प्रदेश स्तरीय कार्यकारणी का गठन भी किया। साथ ही महिला विंग अध्यक्ष गीता सोलंकी नागौर एवं कार्यकारी अध्यक्ष शीला सैनी को नियुक्त किया। आगामी दिनों में जल्द ही प्रदेश स्तर पर कार्यकारणी का विस्तार कर सभी जिलों के अध्यक्ष नियुक्त किए जाएंगे। सामाजिक, शिक्षा, धार्मिक सहित अन्य विषयों को लेकर हर 2 महीने में कार्यकारणी की मीटिंग जिलों में बुलाई जाएगी। इस दौरान समाज के विकास के लिए आए सुझावों पर राज्य स्तरीय बैठक में चर्चा कर उन पर कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही महासभा से समाज के अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान भी चलाया जाएगा।

# देश मे सबसे बड़ी संयुक्तता का उदाहरण: डेढ वर्ग किलोमीटर में बसे 5,000 कच्छावाह वंशज

## महाकुटुंब नागौरी बेरा में 250 घरों का 1 परिवार, 360 वर्ष पूर्व नागौर के मनोहरसिंह को भेंट में मिला था, वहां सिर्फ उनकी पीढ़ियां



जोधपुर। कुटुंब... रिश्तों की प्रगाढ़ता दर्शाता एक शब्द, जिसमें माता-पिता के अलावा तीन- चार या इससे अधिक बेटों बेटियों का पूरा कुनबा शामिल होता है। बदलते दौर में इसे शब्द के मायने भी बदल चुके हैं। आज एकल परिवार का जमाना है, जिसमें पति- पत्नी, बेटी बेटा-बहू व उनके बच्चे ही होते है लेकिन मण्डोर के पास स्थित नागौरी बेरा क्षेत्र का एक उदाहरण है। डेढ वर्ग किमी के इस क्षेत्र में बने 250 से अधिक घर एक ही परिवार के हैं। जो हो सुनने में यद असंभव सा लगे पर हकीकत है। यहां रहने वाले 5 हजार से अधिक लोग एक ही कच्छावाह वंश के हैं। यह इनके अलावा किसी और के मकान नही हैं। दरअसल, आज से 343 साल पहले सन 1678 में नगर के ताऊसर गांव से मनोहरसिंह का अपने बेटे का विवाह फूलबाग के हरखावत जैसिंह की बेटी के साथ करने जोधपुर आए। विवाह में जैसिंह ने मनोहरसिंह को जोधपुर में बसाने के लिए 'कांचली के तौर' पर कोइटा बेरा क्षेत्र उन्हे सौंप दिया। बस यहीं से अपने आप में अनूठे इस कुटुंब का सफर शुरू हो गया। चूंकि मनोहरसिंह नागौर से थे, इसलिए कोटा बैरा का नाम नागौरी बैरा हो गया। फिर साल दर साल बीतते हुए नागौर बेरा में मनोहर सिंह की पीढ़िया बढ़ती गई। तब से लेकर आज तक कच्छवाह वंश के अलावा यहां कोई और नहीं बसा। आज 250 से अधिक घरों में रहने वाले परिवारिक सदस्य स्नेहपूर्वक रह रहें है। समय के साथ रिश्तों की डोर और प्रगढ़ होती जाए, इसलिए साल में एक बार स्नेह मिलन का आयोजन करते हैं। हर साल में एक बार कच्छवाह वंशज स्नेह मिलन का आयोजन करते हैं। हर साल नागौरी बेरा स्थित केसरिया कंवरजी के थान पर महाकुटुंब के सभी सदस्य एकत्रित होते हैं। तब यहां के लोग कही भी हों, आयोजन में जरूर शामिल होते है। अगर कोई बुजुर्ग या बीमार प्रीतिभोत में शामिल नही हों पाते हैं तो उनके घर भोजन पहुंचाया जाता हैं। पिछले कुछ सालों से शिक्षा में अच्छे अंक लाने वाले बच्चो का भी सम्मान किया जाता है।

**इस कुटुंब की होली - दिवाली भी विशेष, जन्म से मरण की अलग परंपराएं**

न्यूक्लियर फैमिली के इस युग में भी हमारा नागौरी बेरा कच्छवाह महाकुटंब एक अनूठा उदाहरण है। आज साढ़े तीन सौ साल बाद भी परिवार की आपसी एकजुटता, भाईचारा, मेल- और परंपराएं अनवरत जारी हैं। इस महाकुटुंब की त्योहार मनाने से लेकर अन्य अवसरों की परंपराएं भी अनुठी है। नागौरी बेरा के इस महाकुटुंब द्वारा होली के बाद पहले शनिवार को अलग गेर निकाली जाती है। इस गेर में केवल और केवल इस कुटुंब के परिजन शामिल होते हैं, इसमें कोई भी



बाहरी को शामिल होने की अनुमति नही होती हैं। इस पर्व में सभी आपस मे जमकर रंगो की बरसात करतें हैं। इसी प्रकार दिवाली पर तकरीबन सारे घरों से पकवान बीच चौक में आ जाते हैं यही पर बुजुर्ग, युवा और बच्चे एकत्र होते हैं और मुंह मीठा करवाकर और धोक देकर दीपोत्सव मनाते हैं। कुटुंब मे किसी भी बच्चे के जन्म पर परिवार की वंशावली में उसका नाम जोड़ दिया जाता है। यानी वर्तमान पीढ़ी तक को अपने पूर्वजों का पूरा ज्ञान है। हमारे परिवार का मोक्षधाम भी अलग ही हैं। परिवार में भले ही कोई किसी भी पद पर पहुंच जाए, आपस में मदद और जरूरत भी उपलब्ध रहता है।

### पहले विधानसभा चुनाव में जोधपुर के 6 में से 3 विधायक यहीं से बने:

पहले विधानसभा चुनाव में जोधपुर के 6 में से 3 विधायक यहीं से बने थे। 1952 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में जोधपुर की 6 सीटों में से 3 पर नागौरी बेरा के प्रत्याशी जीते। यहां के निवासी संतोषसिंह बिलाड़ा से, लूणी से नरसिंह व ओसियां से मंगलसिंह विधायक बने। फिर 1962 में यहां के आनंदसिंह सरदारपुरा से विधायक बने। संतोषसिंह ने वर्ष 1967 में राष्ट्रपति का भी चुनाव लड़ा। 23 जनवरी 1940 को सरदार समंद जल आपूर्ति परियोजना के निर्माण के लिए नागौरी बेरा कच्छवाह महाकुटुंब के ठेकेदार प्रतापसिंह को तत्कालीन महाराजा उम्मेदसिंह द्वारा सम्मानित किया गया था।



### पोकर बनजी भुगतान विवाद हुआ तो थड़े का अपना करवाया निर्माण हटाकर चले गए

मनोहरसिंह की आठवी पीढ़ी के पोकर बनजी का जन्म सन् 1917 में हुआ। वे इस कुटुंब के सबसे बड़े ठेकेदारों में से एक रहे। इनके कई किस्से आज भी प्रचलित हैं। जोधपुर के पूर्व नरेश जसवंतसिंह द्वितीय की स्मृति में जसवंत थड़ा बनाने का काम पोकर बनजी को मिला। काम के बीच अनबन को लेकर एक अंग्रेज अफसर व रियासत के मुसाहित आला ने भुगतान रोक दिया। इस पर पोकर बनजी ने अपने द्वारा किया निर्माण हटा दिया और बीकानेर चले गए। महाराजा गंगासिंह बीकानेर ने गढ़ में गंगानिवास महल, लालगढ़ पैलेस, हाईस्कूल, डूंगर कॉलेज, सेंट्रल जेल, विशाल नागरी भंडार भवन, गंगा रिसाला के भवन, रेलवे क्वार्टर जो आज भी पोकर क्वाटर्स कहलाते हैं। बनजी द्वारा बीकानेर में अच्छे निर्माण करने के बाद गजनेर पैलेस के उद्घाटन समारोह में मिले वे जोधपुर केयर टेकर महाराजा सरप्रतप से मिले। वे पोकर बनजी को अपने साथ रेलवे सैलून में बिठाकर जोधपुर ले आए।



**100 साल पहले बेटे की बारात ले जाने ट्रेन बुक की:** वर्ष 1917 में पोकर बनजी ने स्वजातीय बंधुओं के लिए प्रतिभोज का आयोजन रखा, जिस पर करीब 35 हजार का खर्च आया, जो उस जमाने में बहुत बड़ी राशि थी। फिर इनके बेटे मोहनसिंह की शादी मथानिया तब हुई तो बारात ले जाने के लिए इन्होंने स्पेशल ट्रेन बुक करवा दी।

**शिक्षा में भी योगदान सुमेर स्कूल के निर्माण के लिए जमीन दी. 4 संस्थापकों में से एक** माली समाज की सबसे बड़ी सुमेर स्कूल का सन् 1898 में

# कुलीन कच्छावाह इस महाकुटुंब के सदस्यों ने स्वतंत्रता संग्राम लड़ा

## सरकार में मंत्री बने, शिक्षा-इंजीनियरिंग से यूएन तक परचम



**स्वतंत्रता सेनानी अक्षयसिंह कच्छावाहः** अक्षयसिंह जनवरी 1940 को अंग्रेजों के विरूद्ध पोस्टर आंदोलन में सक्रिय रहे। बाद में जयनारायण व्यास ने चरखा संघ गोविंद गढ़ भेज दिया, जहां स्वतंत्रता सेनानी देश पांडे जी के साथ इन्होंने काम किया। 1941 में महात्मा गांधी ने वरदा कार्यक्रम शुरू किया जिसमें देश से दो-दो विद्यार्थियों को बुलाया गया था। राजस्थान से अक्षयसिंह व रामगोपाल ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। 9 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन में भी अक्षयसिंह ने व्यास, मथुरादास माथुर व मानमल जैन के साथ मुख्य रूप से भाग लिया।



**पूर्व विधायक आनंदसिंह कच्छावाहः** आनंदसिंह 1955 से 1957 तक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रहे। 1957 व 1962 के विस चुनाव में भारी मतों से जीते। 1971 का लोकसभा चुनाव में राजमाता के सामने लड़ा। 9 साल सुमेर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर रहे। राजस्थान माइनिंग एडवाजरी बोर्ड, स्मॉल स्कूल व हैंडीक्राफ्ट बोर्ड, लेबर एडवायजरी कौंसिल फॉर हैंडीकैप, राजस्थान को-ऑपरेटिव एडवाइजरी कमेटी फॉर लॉ एंड मीडिल इनकम ग्रुप हाउसिंग स्कीम, राजस्थान कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट एसोसिएशन के डायरेक्टर भी रहे।



**ठेकेदार, समाजसेवी जमनादास पोकरः** 1934 को जन्मे जमनादास पोकर ने ठेकेदारी में खूब नाम कमाया। गुलाबसागर नहर, बालसमंद बांध, चौपासनी बांध, रेजिडेंसी भवन, जोधपुर-बीकानेर रेलवे वर्कशॉप, बालोतरा- हैदराबाद रेलवे लाइन, डेगाना-हिसार रेलवे लाइन, सुमेरपुर युद्ध बंदी शिविर, नसीराबाद छावनी व सैन्य भवन, जोधपुर-फलोदी रेलवे लाइन, जसवंत सागर बांध, मारवाड़ जंक्शन देसूरी लाइन, पाली से एरनपुरा सड़क, नई पुलिस लाइन बनवाए। अजमेर आर्य समाज भवन व डीएवी कॉलेज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



**भूतपूर्व श्रम मंत्री, कैबिनेट नरसिंह कच्छावाहः** 24 सितंबर 1911 को जन्मे नरसिंह के पिता ठेकेदार व समाजसेवी थे। वे भी समाजसेवा से जुड़ गए। वे किसान कन्या पाठशाला, नागोरी बेरा में 1934 से 1941 तक अध्यक्ष रहे। 13 मार्च 1947 को डाबड़ा में जागीरी अत्याचारों के विरोध में इनकी अध्यक्ष में किसान आंदोलन आयोजित किया गया इस दौरान वे घायल भी हो गए। 1949 के प्रथम राजस्थान मंत्रिमंड में श्रम मंत्री (कैबिनेट) बने। इनके बड़े भाई संतोषसिंह प्रथम विधानसभा में चुने गए। छोटे भाई आनंदसिंह 1957 व 1962 में विधानसभा सदस्य चुने गए।



**ठेकेदार प्रतापसिंह कच्छावाहः** प्रतापसिंह को 1928 में बीकानेर में पंजाब से गंग नहर निकालने का काम मिला। इन्होंने बीकानेर में एसेंबली हॉल, गंगा थिएटर, पीबीएम अस्पताल, कचहरी, गंग नहर, गजनेर पैलेस व रेलवे क्वाटर बनवाए। इनके बनाए रेलवे क्वाटर्स को बाद में सरकार ने इनसे खरीदा। ये क्वार्टर आज भी पोकर क्वाटर्स कहलाते हैं। जोधपुर में सरदार समंद पैलेस व उम्मेद अस्पताल का निर्माण इनकी देखरेख में ही हुआ। जयपुर मैं जनाना अस्पताल, मिलिट्री बेरेक्स, पुलिस लाइन आदि बनवाए।



**एडवाइजर यूएनओ विजयसिंह कच्छावाहः** विजयसिंह ने येल विवि में विजिटिंग फैली रहते हॉवर्ड विवि, एमआईटी, कोलंबिया विवि स्टेनफोर्ड विवि, स्टेनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट, वर्कले यूनिवर्सिटी टेक्सास ए एंड एम यूनिवर्सिटी (ह्यूस्टन), बुकिंग्स रिसर्च इंस्टीट्यूट (वाशिंगटन डीसी), तथा यूएनओ में रहे। केंद्र के कृषि मंत्रालय, योजना आयोग, वित्त मंत्रालय, पांचवे वित्त आयोग के विभिन्न पदों पर कार्य किया। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद यूएनओ में इक्वाडोर सरकार के वित्तीय विकास से संबंधित कार्य के सलाहाकर के रूप में क्वीटो, द. अमेरिका में कार्य किया।



**पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद किशोरसिंह कच्छावाहः** 1 जनवरी 1949 को जन्मे किशोरसिंह शुरू में सुमेर स्कूल व बाद में मेयो कॉलेज अजमेर से शिक्षा ग्रहण की। छात्र जीवन में वे पॉलीटेक्निक कॉलेज से सिविल संकाय अध्यक्ष चुने गए। 14 फरवरी 1982 को कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में नगर परिषद के सदस्य चुने गए। 1985 में वे जोधपुर नगर परिषद के अध्यक्ष बने।

इनके अलावा दिलीपसिंह कच्छावाह पूर्व चेयरमैन और सीएमडी राष्ट्रीय केमिकल में, ब्रह्मसिंह पूर्व डिप्टी चीफ इंजीनियर भारतीय रेलवे, रणजीतसिंह पूर्व जनरल मैनेजर एफसीआई, हरीशचंद्र पूर्व एडमिस्ट्रेटर टू एशियन डेवलपमेंट एंड वर्ल्ड बैंक में रहे।



निर्माण हुआ। संस्थान के चार संस्थापकों में से दो पोकर बनजी व मगधूल जी नागौरी बेरा से थे। पोकर बनजी ने स्कूल निर्माण के लिए आर्थिक मदद के साथ जमीन दान की थी। पोकर बनजी ने सन् 1890 में अपने निवास पर ही बच्चों के लिए स्कूल भी खुलवाई थी और उस खर्च भी वे ही वहन करते थे।

**किसानों की बेटियों के लिए बनवाई स्कूल, हर साल 3- 4 नेशनल खेलती हैं**

सन् 1922 में किसानों की बेटियों के लिए नागौरी बेरा के एक मकान में स्कूल शुरू की गई। 1930 में उसे नए भवन में स्थानांतरित कर दिया गया। रान् 1947 में इसका नाम श्री किसान कन्या पाठशाला रखा गया। यहां बालिकाओं को खेलकूद में भी अग्रणी बनाया गया। वर्ष 1994 से हर साल इस स्कूल की 3-4 छात्राओं का जूडो में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो रहा है।

हमारे समाज के लिए यह गर्व का विषय है कि आज के इस भोतिक युग में समाज का यह बेरा अपनी पहचान संगठित संयुक्त परिवार के रूप में बना आदर्श कुटुम्ब के लिए जाना जाता है। हम सभी का इस अनुठे कुटुम्ब परिवार से प्रेरणा ले अपने पूर्वजों के द्वारा संयुक्त परिवार के महत्व को समझ कर संगठित समाज की अवधारणा को अपनाएं।

# सैनी कर्मचारी संस्था बूंदी का वार्षिक अधिवेशन संम्पन
## समाज में एकजुटता बनाए रखने का किया आह्वान






बूंदी। सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान, जिला शाखा बूंदी का वार्षिक अधिवेशन स्वंम स्नेह मिलन समारोह रविवार सोमवार को सांवरिया मैरिज गार्डन न्यू धानमंडी रोड़ बूंदी में आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुरेश सैनी रिटायर आईजी आर.पी.एफ जयपुर ने अपने उदबोधन में युवाओं को पुलिस विभाग व अन्य राजकीय सेवाओ में भर्ती होने की प्रेरणा दी , साथ ही समाज मे एकता बनाये रखने की आव्हान किया । अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार सैनी रेलवे ने बताया कि संस्था की शाखाएं पूरे राजस्थान में फैली हुई है। उन्हेंने बताया कि संस्था प्रत्येक कर्मचारी की समस्याओं के समाधान करने के लिये हमेशा तैयार है । जिला अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ । प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि डॉ. अनिल सैनी तथा अध्यक्षता फुंदी लाल सैनी ग्राम विकास अधिकारी ने की । कार्यक्रम में कनिष्क सैनी आर.ए.एस. उपसचिव राज्य मानवाधिकार आयोग जयपुर, तेजपाल सैनी एस.एच.ओ कोतवाली थाना बूंदी, रामलक्ष्मण सैनी कॉलेज असिस्टेंट प्रोफेसर, रेणु सुमन रेंजर वन मंडल उदयपुर, महेंद्रपाल सैनी जोइंड डारेक्टर सूचना विभाग, ओम प्रकाश सैनी इंजीनियर भारतीय सैनी, मनोज सैनी इंजीनियर, प्रीति सैनी जेईएन , भंवर लाल सैनी जेईएन , डॉ. ब्रजमोहन सुमन ,सोजी लाल जी प्रधानाचार्य ने सम्बोधित किया। अधिवेशन में कुल 515 कर्मचारी अधिकारियों ने भाग लिया ।

अधिवेशन में हर विभाग के 127 नवनियुक्त कर्मचारियों एवं बूंदी के आई.आई. टी. व एम.बी.बी.एस. में चयनित प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया तथा बूंदी ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये । कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के महामंत्री शंकर लाल सैनी सहित, दुर्गा लाल सैनी, रामदेव सैनी, पूजा सैनी व ब्लॉक अध्यक्ष धन्ना लाल सैनी, बुध्दि प्रकाश सैनी, डॉ कैलाश सैनी, लक्ष्मण लाल सैनी, बाबू लाल सैनी, प्रेम शंकर सैनी, राजेन्द्र सैनी, धर्मराज सैनी मौजूद रहे एवं कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष कैलाश चंद सैनी ने किया ।

# सर्व समाज सेवा समिति गत 9 साल में 2700 यूनिट रक्तकर चुकी दान

हिसार। सर्व समाज सेवा समिति पिछले 9 साल से सामाजिक कार्यों में जुटी है। संस्था गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप व रक्तदान कैंप का आयोजन करती है। इसके अलावा पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण व गरीब कन्याओं जरूरतमंदों सिलाई मशीन दान करती है, ताकि वह महिला सशक्त बन सके। वहीं गरीब व जरूरतमंद बेटियों की शादी में जरूरत का सामान दान करती है। संस्था के जिला प्रधान सुन्दर सैनी ने बताया कि गरीब बच्चों को पढ़ाई के लिए कॉपी व किताब वितरित करती है। संस्था के जिला प्रधान सुंदर सैनी ने बताया कि संस्था की शुरुआत 2010 में



रामेश्वर सैनी ने बनाई थी। इस संस्था की शुरुआत कुरूक्षेत्र से हुई मगर 2015 में हिसार पहुंची। हिसार में नरोत्तम सैनी के फेसबुक पर संस्था के प्रधान से बातचीत हुई। उसके बाद रामेश्वर सैनी कुरूक्षेत्र से हिसार पहुंचे। उसके बाद यहां पर संगठन के प्रधान व उपप्रधान सचिव आदि बनाकर जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद से समाज सेवा के कार्य लगातार की जा रही है।

**शहर में 800 से अधिक पौधे लगा चुके संस्था से जुड़े लोग :** जिला प्रधान सुंदर सैनी ने बताया कि सर्व समाज सेवा समिति बनाने का मुख्य उद्देश्य समाज में गरीब व जरूरतमंद की सेवा करना है। इसके साथ ही पर्यावरण को बचाना है। उनका विशेष उद्देश्य यह था कि दुर्घटना के समय रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की जिंदगी बचाई जा सके। इसलिए इस संस्था का पहली प्राथमिकता रहती है कि गरीब व जरूरतमंद लोगों को रक्त की कमी की वजह से सांसें न थम जाएं। उन्होंने बताया कि संस्था की तरफ से विभिन्न प्रकार के जागरूक कार्यों का आयोजन किया जाता है। संस्था की पूरे हरियाणा में 450 रक्तदान शिविर लगा चुकी है। हिसार में करीब 9 बड़े रक्तदान शिविर लगवा चुकी है। प्रत्येक शिविर में 300 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। वहीं गरीब लोगों का हेल्थ चेकअप करवाने के लिए हेल्थ चेकअप शिविर लगाती है। यह शिविर शहर में अलग-अलग जगहों पर आयोजित किए जाते हैं। एक शिविर में करीब 50-60 लोगों का चेकअप किया जाता है। इसमें बीपी, शुगर, ब्लड जांच आदि चेकअप करवाती है। वहीं पर्यावरण को बचाने के लिए 800 से ज्यादा पौधरोपण किए जा चुके हैं। गरीब व जरूरतमंद बेटियों की शादी में बर्तन, बॉक्स, कपड़ा आदि की सहायता करती है।

# मूकबधिर अजरा ने खाटूश्यामजी के विमल और सोनू ने सूरसागर के नंदकिशोर संग लिए फेरे
## नवजीवन से नवजीवन की ओर... 7-8 साल की उम्र में आश्रम आईं, काबिल बनीं, अब दुल्हन बनकर ली विदाई



जोधपुर। चौहाबो स्थित नवजीवन संस्थान मंगलवार को एक बार फिर रंग-बिरंगी रोशनी व फूलमंडली से सजा । मौका था यहां पली-बढ़ी दो और बेटियों की शादी का। दोनों बेटियों को सहेलियों ने सजाया संवारा और विवाह बंधन में बंधने के बाद हंसी-खुशी विदा किया। संस्थान परिसर में नौपत बज रही थी और बैंडबाजों की स्वरलहरियों पर बाराती नाचते-गाते आ रहे थे।

संचालक राजेंद्र परिहार ने बताया कि पिछले दिनों से शादी लायक हुई मूकबधिर 22 वर्षीय अजरा और 21 वर्षीय सोनू के वर की तलाश कर विवाह तय किया गया। अजरा की बारात सीकर के खाटूश्यामजी के विमल और सोनू की बारात सूरसागर के नंदकिशोर के घर से बैंडबाजों के संग पहुंची। यहां तोरण द्वार पर महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाकर दोनों दूल्हों की तिलक दस्तूरी और तोरण परंपरा को पूरा करवाया। इस मौके पर संस्थान को रंग-बिरंगे परिधानों से सजाया गया और संगीत की धुनों पर अजरा और सोने की सखियों ने नृत्य किया। वहीं संस्थान की जिन बेटियों का पूर्व में विवाह हो चुका वे भी परिवार व बच्चों संग यहां इस खुशी में शामिल हुई।

**दोनों के वर पढ़े-लिखे और कारोबारी:** दसवीं कक्षा पास अजरा भले ही बोल नहीं पाती हैं, लेकिन वो नृत्य और अन्य एक्टिविटी में हमेशा अव्वल रही हैं। जबकि वर विमल भी बोल व सुन नहीं पाते, लेकिन दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होने के साथ ट्रेवल का बिजनेस भी करता है। सोनू भी दसवीं कक्षा पास है, जबकि सोनू का वर नंदकिशोर एमकॉम पास है और खुद का किराणे का व्यापार है।

**गृहस्थी का सामान, सोना-चांदी के जेवर भेंट:** संस्थान के राजेंद्र परिहार ने बताया कि दोनों बेटियां करीब सात से आठ साल की थी तब यहां आई और अब शादी लायक होने पर दोनों का सुयोग्य वर ढूंढकर विवाह करवाया गया। शाम को साढ़े सात बजे पाणिग्रहण संस्कार तत्पश्चात मेहमानों के लिए स्वागत भोज का आयोजन हुआ। इस मौके पर दोनों बेटियों को घर-गृहस्थी का सामान और 3-3 तोला सोना और चांदी के आभूषण सहित अनेक उपहार दिए गए। विवाह समारोह में डॉ. बीडी गुप्ता, आरके ओझा, चंद्रा मेहता, जगदीश अरोड़ा, डॉ. पीएम कुंभट, प्रो. एके मलिक, सुशीला बोहरा, प्रणय गर्ग, पंकज राजदान, शोभा परिहार सहित सदस्य शामिल हुए।

**25 से अधिक बेटियों की करवा चुके:** शादी संस्थान द्वारा कई सालों से यहां रहने वाली बेटियों का पालन पोषण करने के साथ ही उनके विवाह की जिम्मेदारी भी उठाई जा रही है। पूरे साल बेटियों के संरक्षण के साथ सुरक्षा और पालन-पोषण परिवार की तरह किया जाता है। विवाह लायक उम्र होने पर इन बेटियों का विवाह सुयोग्य वर और अच्छे घरों में किया जा रहा है। गत दिसंबर में एक साथ 5 बेटियों का विवाह कर उन्हें धूमधाम से ससुराल भेजा गया। शादी होने के बाद भी बेटियों के लिए संस्थान परिसर में मायका बनाया हुआ है, जहां ये बेटियां कभी भी आकर यहां रह सकती है। अब तक करीब 25 से ज्यादा बेटियों की शादी करवा चुके हैं।

# निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर मैंगो शेक मिल्कशेक ठंडा शरबत वह जूस के लगभग 5000 ग्लास का वितरण












अजमेर। मानव सेवा की इसी कड़ी में आज सोमवार को माँ सावित्री बाई फूले और महात्मा ज्योतिबा फूले के आशीर्वाद से ज्योतिबा फूले सर्किल पर माली समाज के बैनर तले संस्थान अध्यक्ष श्रीमती सीमा चौहान ने बताया कि हमारी संस्था माँ सावित्री बाई फुले मातृशक्ति कल्याण संस्थान रजि. अजमेर के सौजन्य निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर मैंगो शेक मिल्कशेक ठंडा शरबत वह जूस के लगभग 5000 ग्लास का वितरण।

महिला टीम व वरिष्ठ समाज के लोगों द्वारा किया गया जिसमें समाज के सभी गणमान्य लोग वह संस्थान की सभी मातृशक्ति अपनी सेवा देने के लिए उपस्थित रही इस पुनीत कार्यक्रम की सफलता में इन सभी का विशेष सहयोग रहा सोनू गहलोत, कृष्णा टाक, किरण तुनवाल, किरण सोलंकी, रंजन उबाना, सरोज कच्छावा, मधु चौहान, अरुण जादम, रेखा दगदी, ज्योति जादम, पुष्पा सोलंकी, विजयलक्ष्मी सिसोदिया, नीरू जादम, गीता जादम, संतोष मौर्य, हर्षा सैनी, समृद्धि चौहान, रुविका सिसोदिया, सलोनी चौहान, अरुणा जादम, भानु प्रताप कच्छावा, रतनलाल जादम, हेमराज खारोलिया, प्रदीप कच्छावा विनोद गढ़वाल, राजेंद्र टांक, अरुण तुनवाल, संदीप तंवर, कैलाश तुनवाल, राकेश तुनवाल, सुरेंद्र चौहान, हेमराज सिसोदिया, हेमेंद्र सिंगोदिया, रवि उबाना, देवेश जादम, तरुण जादम, रवि दगदी, भावजीत सैनी, सुनील अलुदीया, पवन जी जादम, विपिन सोलंकी, धर्मेंद्र सिंह चौहान, जोधपुर से पधारे विशेष अतिथि रणछोर गहलोत, पत्रकार मनीष गहलोत, गणेश टांक, पूर्व पार्षद गणेश चौहान इत्यादि समाज के और भी गणमान्य लोग मौजूद थे ।

# निर्जला एकादशी पर 94वीं बार किया रक्तदान



हांसी। निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में रामनिवास लोहान और राधेश्याम सैनी की जोड़ी ने रक्तदान किया। वर्ल्ड बैंक में लोहान ने 126वीं बार व राधेश्याम सैनी ने 94वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान करने पर रोशन लाल सैनी ने दोनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर रक्तदानी राधेश्याम सैनी के पिता रामचंद्र सैनी ने दोनों रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। उन्होंने युवाओं से शादी की सालगिरह, जन्मदिन जैसे मौकों पर रक्तदान करने की अपील की

# संतोष पुष्पाकर अध्यक्ष और सुनील पुष्पजीवी बने महासचिव



प्रतापगढ़। निरंजन कुमार पुष्पाकर -जिला प्रभारी, राधेश्याम माली-संरक्षक, अनिल माली सोराव-मंडल उपाध्यक्ष, इंद्रेश पुष्पकर-प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में माली / सैनी सेवा समाज प्रतापगढ़ की टीम का विधि विधान से चुनाव हुआ जिसमें संतोष कुमार पुष्पाकर (बीडीसी पट्टी) अध्यक्ष और सुनील पुष्पजीवी महासचिव बने इसके बाद जिला अध्यक्ष और महासचिव तथा प्रदेश अध्यक्ष द्वारा टीम का गठन किया गया जिसमें सुरेश पुष्पाकर एडवोकेट उपाध्यक्ष,पप्पू माली उपाध्यक्ष-2,मनोज कुमार पुष्पाकर सचिव, आईटी सेल के विद्वान आशुतोष श्रीमाली मीडिया प्रभारी, चंदन सैनी सह मीडिया प्रभारी बनाया गया अमेठी जिले का प्रभार संतोष पुष्पाकर (कोहड़वर) को दिया गया नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि हम माली समाज को आगे बढ़ाने में पूरा प्रयास करेंगे उनकी हर रूप में मदद होगी समाज के युवाओं को साथ लेकर जिले में समाज के लिए बड़े स्तर पर कार्य किया जाएगा महासचिव शादी विवाह और बड़े प्रोग्राम के ठेकेदार सुनील पुष्पजीवी ने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्र में संगठन का विस्तार किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष हरीश सैनी ने पूरी टीम को आश्वासन दिया कि जनपद में जो भी समस्याएं आएंगी हम और प्रदेश की पूरी टीम हर रूप में आपको मदद करेंगी संगठन का उद्देश्य है कि माली समाज शिक्षा के क्षेत्र में व्यापार के क्षेत्र में आगे बढ़े कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रेश सैनी ने आए हुए सभी लोगो का आभार व्यक्त किया

# ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज का पंजाब यूनिट सम्मानित

## उत्तराखंड के रुड़की में हुई राष्ट्रीय मीटिंग में लवलीन सैनी और पंजाब के सभी अधिकारी सम्मानित किए






पटियाला। पंजाब में सैनी समाज को एकजुट करने के लिए तनदेही के साथ काम कर रहे ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के पंजाब यूनिट के प्रधान लवलीन सिंह सैनी और उनकी पूरी टीम को ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज की तरफ से सम्मानित किया गया। संगठन के उत्तराखंड के रुड़की में आयोजित राष्ट्रीय मीटिंग के दौरान पंजाब के सभी अधिकारियों को नवाजा गया। बैठक में बिहार, राजस्थान मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, दिल्ली उतर प्रदेश, तामिलनाडु सहित दूसरे कई स्टेटों के पदाधिकारी पहुंचे हुए थे। मीटिंग के दौरान संगठन के राष्ट्रीय प्रधान दिलबाग सैनी और महासचिव राज कुमार सैनी ने पंजाब की टीम की तरफ से किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते कहा कि पंजाब यूनिट सैनी समाज की वैल्फेयर के लिए बहुत बढ़िया तरीके के साथ काम कर रहा है उन्होंने कहा कि जब लवलीन सैनी को पंजाब प्रधान बनाया गया है, उनकी तरफ से पंजाब में सैनी समाज की मजबूती के लिए काम किया जा रहा है। इस मौके मीटिंग को संबोधित करते पंजाब प्रधान कामरेड लवलीन सैनी ने कहा कि सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय प्रधान दिलबाग सिंह सैनी ने उनको जो जिम्मेदारी दी है, वह उसे तनदेही और ईमानदारी के साथ निभा रहे हैं। सैनी समाज को एकजुट करने के लिए मीटिंगों का सिलसिला जारी है। वह पंजाब के हर जिले, शहर, कस्बे और गांवों का निरीक्षण करेंगे।

जिला स्तर पर यूनिट बनाने के बाद सब डिवीजन स्तर पर भी संगठनों की इकाइयां बनाई जाएंगी। लवलीन सैनी ने कहा कि सैनी समाज की इस मीटिंग में मिन्नी भारत का श्य देखने को मिला, जिसमें अलग अलग स्टेटों से समाज के लोग अपने अपने प्रदेशों के पहनावे डाल कर पहुंचे हुए थे। उन्होंने कहा कि पंजाब की तरफ से इस मीटिंग में प्रदेश वाइस प्रधान हरबंस सिंह सैनी, स्टेट बॉडी के मैंबर जत्थेदार अजमेर सिंह कोटला निहंग, बलविन्द्र सिंह सैनी, मनजीत सिंह, हजूरा सिंह सैनी समेत अन्य नेता पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि मीटिंग में विशेष तौर पर पहुंचे यू.पी.के पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी, शामवीर सैनी, मंत्री उत्तराखंड सरकार सहित दूसरे नेताओं ने अलग-अलग स्टेटों से आए सैनी समाज के नेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्टेट के प्रधान नरेश सैनी की कुशल नेतृत्व में यह मीटिंग शानदार हुई है।

# अहमदाबाद में माली समाज के विद्यार्थियों का लक्ष्य पर सेमिनार सम्पन्न

## विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में लक्ष्य मेरी दिशा पर मार्गदर्शन दिया गया कार्यक्रम में विद्यार्थियों व विशिष्ट लोगों को किया सम्मानित



अहमदाबाद। मनुष्य जीवन में शिक्षा ऐसा ब्रह्मास्त्र हैं। जिसके उपयोग से दुनिया बदल सकते हैं। इस महान भाव को लेकर विद्यार्थियों के हितार्थ गुजरात के ऐतिहासिक शहर अहमदाबाद में महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में लक्ष्य मेरी दिशा पर सेमिनार का बहुत ही शानदार आयोजन किया गया। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान अहमदाबाद व दिल्ली के संयुक्तावधान में शाहीबाग स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय स्मारक के एयर कंडीशनर हॉल में शिक्षा के क्षेत्र में पहल करते हुए विद्यार्थियों के हितार्थ पहली बार आयोजित सेमिनार में देश भर से माली समाज की जानी-मानी हस्तियों ने सम्मिलित होकर सम्मानित हुए विद्यार्थियों व विशिष्ट लोगों का मनोबल बढ़ाया।

सेमिनार का शुभारंभ महात्मा ज्योति बा फुले सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगाराम गहलोत, कर्नाटक के पूर्व विधायक व भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र बाबू (फिल्म एक्टर), जोधपुर युनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश गहलोत, टोरसो ग्रुप के डायरेक्टर शंकरलाल सुंदेशा, महात्मा ज्योति बा फुले सेवा संस्थान के गुजरात प्रदेशाध्यक्ष अर्जुन कच्छवाह इत्यादि ने बतौर अतिथि महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात अतिथियों के सम्मान में बालिकाओं द्वारा मय नृत्य स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम लक्ष्य के विशाल, सुव्यवस्थित व अनुशासित आयोजन के दौरान खचाखच भरे हॉल में मौजूद विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने पर सुमेरपुर से बाण माता माली समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं विभिन्न संस्थाओं में अग्रणी भूमिका निभा रहे एडवोकेट महेन्द्र गहलोत द्वारा मंच का संचालन करते पूछे गये सवालों पर जोधपुर युनिवर्सिटी के प्रोफेसर डाक्टर दिनेश गहलोत ने बहुत ही प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन देकर उन्हें आगे बढ़ने को प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने से पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर दिनेश गहलोत व मंच संचालक एडवोकेट महेन्द्र गहलोत ने अपना प्रभावी संबोधन देकर शिक्षा की अनिवार्यता पर जोर देते हुए राजकीय सेवा सहित अति विशिष्ट सेवा में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में गुजरात डीसा के विधायक प्रवीण भाई माली, कर्नाटक के पूर्व विधायक नरेन्द्र बाबू ने भी अपना संबोधन देते हुए शिक्षा पर आयोजित किए गए लक्ष्य कार्यक्रम के लिए आयोजन कर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से समाज की नयी पौध व युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित होने का अवसर प्रदान होता हैं। सिरोही के गोयली गांव निवासी मुम्बई हाईकोर्ट के एडवोकेट एम.डी. माली, सिरोही माली समाज छात्रावास के अध्यक्ष चेताराम सुंदेशा, सिरोही के समाजसेवी रघुनाथ देवड़ा, शिवगंज के हरीश परिहार इत्यादि सहित अनेक वक्ताओं ने भी कार्यक्रम में अपने विचार प्रकट करते हुए अपने जीवन की विभिन्न घटनाओं व अनुभवों को साझा किया। अहमदाबाद के सिविल हॉस्पीटल में कार्यरत डॉक्टर सारिका माली ने गुजराती में भाषण देकर मोबाईल के अधिक उपयोग से होने वाले शारीरिक-मानसिक नुकसान व दुष्प्रभाव से अवगत कराया। साथ ही खिलौने की तरह बच्चों को मोबाईल देकर उनका जीवन खतरे डालने से बचाने के लिए माता-पिता को आगाह किया। दिल्ली सुप्रीम कोर्ट के बार काउंसलर कमल सैनी, जयपुर हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील अनुभव चंदेल ने भी अपने रखे। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा महात्मा ज्योति बा फुले व देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले द्वारा शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान को लेकर रिकार्डिंग पर नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। इस नाट्य मंचन को सभी ने काफी सराहा। कार्यक्रम के अंत में वर्ष 2024 में कक्षा 10वीं व 12वीं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों तथा वर्ष 2018 से 2024 तक उच्च शिक्षा क्षेत्र में चयनित हुए ए क्लास अधिकारियों, डॉक्टरों, वकीलों व अति विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया। अतिथियों का भी स्वागत-सत्कार किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रण पर सम्मिलित हुए शिवगंज निवासी गुजरात में कार्यरत आयकर अधिकारी अरविंद गहलोत, वरिष्ठ जर्नलिस्ट पुखराज परिहार, छगनलाल परिहार, भरत चौहान, सुमेरपुर से दीपक भाटी, एडवोकेट जयंतीलाल सोलंकी, माली समाज अध्यक्ष खिमाराम देवड़ा, मुकेश भाटी, दीपक गोयल, नरेश सांखला इत्यादि का भी बहुमान किया गया। कार्यक्रम की सफलता में महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के सदस्य हरीश परिहार, रमेश परमार, मुकेश परिहार, रणजीत गहलोत, नरेश माली, कमलेश गहलोत, मोहनलाल माली, गोविन्द गहलोत, प्रफुल्ल भाई माली व राजु भाई माली ने हाथ बटाया कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी को स्वरुचि भोज से रुबरु कराया गया।

# होशियारपुर से चार बार सांसद रहे स्क्वाडन लीडर कमल चौधरी का निधन



पूर्व पीएम राजीव गांधी के रहे थे मित्र

होशियारपुर(पंजाब)। होशियारपुर से चार बार सांसद रहे कमल चौधरी का निधन, 25 जून 2024 को दिल्ली में ली अंतिम सांस। कमल चौधरी ने वायु सेना के स्क्वाडन लीडर पद से त्यागपत्र दे कर राजनीति में आएं थे।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मित्र रहे, चार बार पंजाब के होशियारपुर से लोकसभा सदस्य के रूप मे पहुंचे देश के वरिष्ठ राजनेता समाजसेवी तथा देश के सैन्य मामलों के विशेषज्ञ माननीय कमल चौधरी का आज निधन हो गया। वह पंजाब हरियाणा के बड़े राजनेता थे। इस अवसर पर पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, राष्ट्रीय अल्प संख्यक आयोग के चेयर मैन इक्बाल सिंह, पूर्व पीएम लालबहादुर शास्त्री के बेटे अनिल शास्त्री, पूर्व सांसद गुर दयाल सैनी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव रमेश सैनी सहित देश के बड़े नेता मौजूद थे। उनके पिता चौधरी बलबीर सिंह पंजाब के स्वतंत्रता सैनानी रहे। उन्होंने देश की आजादी के लिए लंबा संघर्ष किया। कमल चौधरी भारतीय वायु सेना के स्क्वााडन लीडर रहे। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के अनुरोध पर उन्होंने वायु सेना से स्वैच्छिक सेवा निवृत्त हुए थे। उनके आकस्मिक निधन पर समाज की अनेकों सस्थाओं के पदाधिकारियों ने शोक प्रकट किया। माली सैनी सन्देश परिवार कमल चौधरी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करने के साथ परिजनों को यह वज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर

श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर

श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लारामगहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल(ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,

# माली समाज के परिचय सम्मेलन में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

## आयोजन में बागवानी बोर्ड बनाने की मांग रखी, राज्यसभा सदस्य भी बनाया जाए









उज्जैन। माली समाज के तत्वावधान में मां सावित्री बाई फुले शिक्षा विकास समिति द्वारा कालिदास अकादमी संकुल में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। समाज के वरिष्ठ गजानंद रामी व किशोर कुमार भाटी ने बताया अतिथि नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष सोनू गहलोत, समाज के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश सुमन, संस्थान अध्यक्ष पुरुषोत्तम सैनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी, माली समाज अध्यक्ष लीलाधर भाटी, ओमप्रकाश सांखला, सुरेश सुमन, पूनमचंद माली व रमेश सैनी थे। अध्यक्षता माली सैनी समाज के प्रदेश अध्यक्ष मोहन पटेल ने की। अतिथियों ने मां सरस्वती, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्री देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक सत्यनारायण कछावा ने दिया। इस अवसर पर अतिथियों ने कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं व स्नातक में 80: से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया। इसके अलावा खेल प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर माली सैनी समाज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम पत्र लिखकर प्रदेश में बागवानी बोर्ड बनाए जाने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बागवानी बोर्ड बनाने की बात कही गई थी। इसके अलावा माली समाज के जनप्रतिनिधि को राज्यसभा सदस्य बनाए जाने की मांग भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से की गई। सम्मेलन में शामिल कई प्रदेशों के परिजनों ने युवक-युवतियों के रिश्ते तय किए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गजानंद भाटी, गोपाल बागरवाल, शिवनारायण जागीरदार, लीलाधर आड़तिया, ओमप्रकाश हारोड़ सहित समाजजन मौजूद थे। संचालन मुकेश माली ने किया। आभार पुरुषोत्तम सैनी ने माना।





श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा( चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री( इंजि. )तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्वाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडंनू
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपुर
श्री रविन्द्र सिंह परिहार, नागौर मोटर्स, नागौर
श्री अर्जुन सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह कच्छवाह, पीपाड़
श्री कुशाल कच्छवाह, के. के. फिलिंग स्टेशन, जोधपुर
श्री राहूल (राजा) पुत्र श्री जगदीश सांखला, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र स्व. श्री पुरूषोत्तम गहलोत, जोधपुर
श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री नारायण राम सोलंकी, बिलाड़ा
श्री इंद्र सिंह टाक (अध्यक्ष, ठेकेदार संघ,जोधपुर PWD)
श्री मुरलीधर सैनी, सुरजमल विनयकुमार, सरदार शहर
श्री हिमांशु पुत्र श्री जब्बरसिंह परिहार, राम सागर, जोधपुर
श्री पूनमसिंह पुत्र श्री पूरखाराम गहलोत, खेमें का कुंआ, जोधपुर
श्री सुभाष पुत्र श्री मूलाराम देवड़ा, सुरपूरा, मण्डोर, जोधपुर
श्री नितिन सांखला पुत्र श्री जगदीश चंद्र नागदा, धार, म. प्रदेश
श्री ताराचंद पुत्र श्री नखतमल माली, मण्ड़ोर, जोधपुर
श्रीमती दीपा प्रदीप टाक, महामन्दिर जोधपुर

# माली सैनी सन्देश













**ही क्यों ? क्योंकि, हमारे पास है सेकड़ों एन.आर. आई. सहित 5 हजार पाठकों का विशाल परिवार**

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

दिनांक ____________

### सदस्यता फॉर्म

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________ हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### RATES

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

INNER COLOR

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

Cell : 94144 75464

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर - 01 मो. 77379 54550 ( कार्यालय )**



विनम्र
# श्रद्धांजलि

समाज के सामूहिक विवाह, रावण दहन सहित
अनेकों आयोजनों में हर वर्ष लाखों रूपयों का
प्रत्यक्ष सहयोग कर अपनी सक्रिय
भूमिका निभाने वाले, सभी के प्रिय

समाजसेवी, भामाशाह

## स्व. श्री लक्ष्मणसिंहजी सांखला
## 'बबलू सा'

के आकस्मिक निधन पर माली सैनी समाज
को अपूरणीय क्षति हुई है। हम सभी ईश्वर से
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना करता है

शोकाकुल
**माली सैनी सन्देश परिवार**
जोधपुर

---

**सैनी (माली) विकास संस्थान डीडवाना के तत्वाधान में**



# डीडवाना कुचामन जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 2024

**14 जुलाई 2024, रविवार** प्रात: 11.15 बजे से

कार्यक्रम स्थल : अतिथि भवन मालियान सूर्य मंदिर, सिंघी बास, डीडवाना

दस्तावेज जमा कराने की अंतिम तिथि : 07 जुलाई 2024, रविवार

| डीडवाना | छोटी खाटू | मौलासर | लाडनूं | कुचामन |
|---|---|---|---|---|
| भगवती जी पँवार 9828689445 | मूलचन्द जी जादम 9828049441 | दिनेश जी सैनी 9783969629 | यशपाल जी आर्य 9982027897 | रामावतार जी सैनी 6350099044 |
| नावा | मारोठ | गुढ़ा साल्ट | मकराना | परबतसर |
| कालूराम जी सैनी 9829198419 | प्रहलाद जी तुनवाल 9983874906 | जगदीश जी सैनी 9252355182 | राधेश्याम जी तंवर 9214660423 | रमेश जी टाक 9413171268 |

संग्रहण केन्द्र : पंवार कम्प्यूटर, बापू बाजार, डीडवाना (9828689445)

निवेदक : समस्त कार्यकारिणी सैनी माली विकास संस्थान

सत्र 2023-24 में कक्षा 10 वीं व 12 वीं में 85 % से अधिक

2023-24 में राजकीय सेवा में नवनियुक्त को



टॉप 3-3 प्रतिभाओं को
**सावित्रीबाई फूले अवार्ड**

सम्पर्क सूत्र:- 9828788986, 9414548107, 9468908899, 9828776122, 9828369281, 9828689445, 9414587093, 9783223510, 7891025992, 9828232500

प्रेषण तिथि : 29/30 जून, 2024
समाचार पत्रिका पंजीयन सं. :RAJHIN/2013/60831
मुद्रण तिथि : 28 जून , 2024
Postal Regd No. Jodhpur/496/2024-26
प्रेषण स्थान : RMS जोधपुर

प्रथम

# वैवाहिक मेल मिलाप

रविवार
11 अगस्त 2024



**स्थान : आर्य समाज भवन, मोहनपुरा रातानाड़ा, जोधपुर**

## नमस्कार

जय लिखमीदासजी महाराज

समाज के डॉक्टर, बी.टेक, एम.टेक, सी.ए., पोस्ट ग्रेज्यूएट और एमबीए उच्च शिक्षित विवाह योग्य अविवाहित युवक युवती के मेल मिलाप का आयोजन रविवार 11 अगस्त 2024 को किया जायेगा। आयोजन में युवक-युवती की उपस्थिति आवश्यक है साथ ही परिजनों को ही प्रवेश दिया जायेगा। समाज के इस प्रथम आयोजन में टेबल मीटिंग सिस्टम होगा।

रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि
बुधवार
**31.07.24**

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करे :**

**माली सैनी संदेश मो. : 9414475464**

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR